**सुविचार**
माता के समान सुख देने वाली कौन है? उत्तम विद्या. देने से क्या बढ़ती है? उत्तम विद्या।
शंकराचार्य

हिंदी दैनिक
# द फोटोन न्यूज
सच के हक में...
झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित



अब जॉन अब्राहम सिर्फ एक्शन फिल्म करेंगे

रांची ● शनिवार, 22 अप्रैल 2023 ● वर्ष : 01 ● अंक : 96 ● रांची संस्करण ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 ● www.thephotonnews.com
E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 59,655.06 |
| निफ्टी | : | 17,624.05 |

**सर्राफा**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,750 |
| चांदी | : | 81.03 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

द फोटोन न्यूज परिवार की ओर से देशवासियों और झारखंडवासियों को ईद-उल-फितर की हार्दिक बधाई एवं शभकामनाएं।

**ब्रीफ न्यूज**

## अवैध खनन घोटाले मामले में फरार आरोपी दाहू यादव के पिता गिरफ्तार

**रांची :** साहिबगंज जिले में एक हजार करोड़ की अवैध खनन घोटाले मामले में फरार चल रहे दाहू यादव के पिता पशुपति यादव को साहिबगंज की नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दाहू के पिता की गिरफ्तारी को लेकर ईडी स्पेशल कोर्ट से वारंट जारी हुआ था। पुलिस उसे रांची लाकर ईडी कार्यालय में प्रस्तुत करेगी। वहीं दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव फरार चल रहा है। दोनों के खिलाफ कुर्की जब्ती का वारंट निर्गत है। ईडी की टीम साहिबगंज में 1000 करोड़ से अधिक अवैध खनन घोटाले मामले में जांच कर रही है। इस अवैध खनन घोटाले मामले में पंकज मिश्रा और उसके सहयोगी बच्चू यादव को पहले ही ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। दाहू यादव के परिवार के चार सदस्य मनी लॉन्ड्रिंग जांच का सामना कर रहे हैं। दाहू यादव के बेटे राहुल के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट चल रहा है। गौरतलब है कि पिछले महीने राजमहल कोर्ट के आदेश पर जिला पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था क्योंकि वह एक आपराधिक मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। हालांकि, उन्हें जल्द ही जमानत मिल गई।

## देश की तरक्की के लिए जनगणना जरूरी : खड़गे

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश की तरक्की के लिए जनगणना बहुत जरूरी है। लेकिन केन्द्र सरकार इसे टाल रही है। खड़गे ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि अब भारत विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। ऐसे में हमारे जन-कल्याण की योजनाओं और देश की तरक्की के लिए जनगणना जरूरी है। खड़गे ने कहा कि बिना जनगणना के आंकड़ों के सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहद मुश्किल है। ऐसे में जनगणना समय की मांग है। खड़गे ने कहा कि उन्होंने सुना है कि सरकार ने जनगणना को वर्ष 2024 तक के लिए टाल दिया है। ऐसा क्यों किया जा रहा है सरकार को बताना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले कांग्रेस जाति आधारित जनगणना की मांग भी कर चुकी है।

## देश में कोरोना के 11,692 नए मरीज, 19 की मौत

**नई दिल्ली :** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित 11,692 नए मरीज सामने आए हैं। जबकि इस अवधि में कोरोना वायरस से संक्रमित 19 मरिजों की मौत हो गई। वहीं 10,780 मरीज स्वस्थ हुए। अबतक कोरोना वायरस से संक्रमित 4,42,72,256 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं और रिकवरी रेट 98.67 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़े के अनुसार फिलहाल देश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 66,170 हो गई है। जबकि दैनिक संक्रमण दर 5.09 प्रतिशत है। टीकाकरण की बात करें तो पिछले 24 घंटे में 3,647 खुराक दी गई हैं। वहीं, देश में अबतक कोरोना से बचाव के टीके की 220.66 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।

# उत्कृष्ट लोक प्रशासन के लिए गुमला को मिला प्रधानमंत्री अवार्ड

### जिले में हर्ष का माहौल, लोगों ने दी एक-दूसरे को बधाई, अवार्ड को उपायुक्त ने जिलावासियों को किया समर्पित

**वरीय संवाददाता, गुमला।**

शुक्रवार 21 अप्रैल का दिन गुमला जिले के लिए उपलब्धि भरा रहा। जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में 'सिविल सर्विस डे 2023' के मौके पर उत्कृष्ट लोक प्रशासन के लिए प्रधानमंत्री अवार्ड से सम्मानित किया। दिल्ली में राष्ट्रीय मंच से गुमला जिले में हुए कार्यों की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा होना निश्चित रूप से जिले की पूरी टीम तथा जिले के निवासियों के लिए गर्व की बात है।

शुक्रवार को जब दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री के हाथों उपायुक्त सुशांत गौरव अवार्ड ले रहे थे, उस समय वेबकास्ट के माध्यम से गुमला जिला मुख्यालय सहित प्रखंड मुख्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक भी इन गौरवपूर्ण क्षणों के ऑनलाइन जुड़े थे। गुमला के सैकड़ों लोगों ने इस अवार्ड कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग को देखा। इस अवार्ड को उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिले वासियों के नाम समर्पित किया है।

उल्लेखनीय है कि यह पहला मौका है, जब झारखंड के किसी जिले को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिये चयनित किया गया है। पिछले एक वर्ष के अपने कार्यकाल में ही उपायुक्त सुशांत गौरव के प्रयासों से कई बेहतरीन कार्यों को गुमला में धरातल पर उतारा। बीते दिनों जिले में हुए कतिपय कार्यों में रागी मिशन को नयी ऊंचाई देना, एनीमिया उन्मूलन, टीबी मुक्त जिला की दिशा में प्रयास, दिव्यांगता पहचान एवं दिव्यांग कल्याण के लिए किये गए कार्य, पुस्तकालय क्रांति, खेल बैंक, शिक्षा क्षेत्र में अवसंरचनात्मक विकास, बांस शिल्पकारों का प्रशिक्षण एवं संवर्धन, टाना भगत समुदाय का बहुआयामी योजनाओं से आच्छादन, जिला से लेकर पंचायतों तक खेलों को बढ़ावा, पंचायतों का डिजिटाइजेशन, महिला स्वयं सहायता समूहों को बहुद्देशीय कार्यों में लगाना, मत्स्य पालन को नए आयाम देना, कृषि क्षेत्र में नवाचारी उपायों को अपनाना आदि शामिल है। जनजातीय जनसंख्या बहुल तथा पूर्व में वामपंथ से प्रभावित रहे गुमला को यह पुरस्कार मिलना पूरे जिले के लोगों की बात है।

जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव की कड़ी मेहनत, ईमानदारी से किए गए प्रयास तथा उनकी राष्ट्रहित की सोच ने जिले को यह उपलब्धि दिलवाने में अहं भूमिका निभाई। सुशांत गौरव ने मोबाइल संदेश भेजकर जिले के पदाधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उन्हें आशा है कि जिले के सभी पदाधिकारी और कर्मचारी मिलकर ऐसी सफलताओं की आगे भी पुनरावृति करते रहेंगे।


दिल्ली के विज्ञान भवन में गुमला के उपायुक्त को प्रधानमंत्री अवार्ड से सम्मानित करते पीएम नरेंद्र मोदी ● एजेंसी

## वर्तमान सरकार अपने काम में वंचितों को प्राथमिकता दे रही : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान सरकार अपने काम में वंचितों को प्राथमिकता दे रही है। पहले यह सोच थी कि सरकार सबकुछ करेगी लेकिन अब सोच यह है कि सरकार सबके लिए करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सिविल सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सिविल सेवकों को संबोधित किया। साथ ही इस आयोजन के दौरान लोक प्रशासन में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार उत्कृष्टता पुरस्कारों को आम नागरिकों के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के जिलों और संगठनों द्वारा किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों को मान्यता देने की दृष्टि से स्थापित किया गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार सबके लिए काम करने की भावना के साथ समय और संसाधनों का बेहतर उपयोग कर रही है। राष्ट्र प्रथम, नागरिक प्रथम के मंत्र के साथ सरकार की प्राथमिकता वंचितों को वरीयता देना है। आज सरकार आकांक्षी ब्लॉक तक जा रही है और सीमावर्ती गांवों को देश का पहला गांव मानकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए जरूरी है कि हर सरकारी कर्मचारी देशवासियों के सपनों को सच करने में उनकी मदद करें। पिछले दशकों से बनी व्यवस्था की नकारात्मक छवि को सकारात्मक में बदलने की जरूरत है।

# चांद दिखा, खुशियों का त्योहार ईद आज

### मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई


चांद दिखने के बाद देर रात खरीदारी करते दिखे लोग ● फोटोन न्यूज

**वरीय संवाददाता, रांची।**

रमजान के जुमे के अलविदा होते ही शुक्रवार को संध्या 6.44 बजे चांद दिखने के बाद पूरे मुस्लिम समाज में उत्साह दिखा। चांद को देखते ही लोग एक दूसरे को ईद की बधाई देनी शुरू कर दी। एक दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक की बधाई देने में पीछे नहीं रहे। चांद दिखने के बाद मुस्लिम बस्तियों में खुशी जाहिर करते हुए पटाखे फोड़े गये। रात को रोजेदारों के लिए विशेष रात की इबादत की गई, जिसके लिए सभी रोजेदार 29 दिनों तक रोजा रखकर अल्लाह से दुआ करते थे। चांद दिखायी देने के बाद लोग रात भर जागकर अल्लाह से दुआएं मांगेंगे। ईद के दिन सुबह नहा धोकर साफ सुथरे कपड़े पहनकर ईत्र लगायेंगे और एक दूसरे को ईद की बधाई देंगे। फिर मिठी चीजें खाकर ईदगाह और मस्जिदों में शुकराना नमाज पढ़ने के लिए जायेंगे। इससे पूर्व राजधानी सहित पूरे प्रदेश में शुक्रवार को सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। राजधानी की मुख्य मस्जिदों में जामा मस्जिद, चांदनी मस्जिद, हव्वारी मस्जिद, मस्जिदे रजा गुदड़ी, छाता मस्जिद आदि शामिल हैं। अंतिम जुम्मा में लोगों ने बड़ी संख्या में नमाज अदा की। इस दौरान कर्बला चौक स्थित चांदनी मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। छाता मस्जिद के मौलाना हसीबुल्ला ने कहा कि अंतिम जुमा में लोगों से प्यार, मोहब्बत, गरीबी, पड़ोसी का ख्याल रखने का दुआ की गई। यह मुबारक का महीना है।

# राज्य को बेहतर दिशा देने में लोक सेवकों की भूमिका अहम : सीएम

### सिविल सर्विसेज डे-2023 पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए हेमंत सोरेन

**वरीय संवाददाता, रांची।**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य को बेहतर दिशा देने में लोक सेवकों की भूमिका अहम है। राज्य में पहली बार सिविल सर्विसेज डे कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। आप सभी के कंधों पर तमाम चुनौतियों के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारियां भी दी जाती हैं। मुख्यमंत्री सोरेन शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में सिविल सर्विसेज डे-2023 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सभी लोक सेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी लोग कार्यपालिका के ऐसे हिस्सेदार हैं जिसके बगैर राज्य की व्यवस्था चलाना संभव नहीं है। राज्य के लोगों की मदद एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए जो व्यवस्थाएं बनाई गई हैं, उनका संरक्षण तथा राज्य की बेहतरी के लिए कार्ययोजनाएं बनाने की जिम्मेदारी आप सभी पर है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों तथा देशों में भी कार्यपालिका की व्यवस्थाएं हमारे राज्य एवं देश की कार्यपालिका से मिलती-जुलती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्थाओं के अंदर लोक सेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। लोक सेवकों का कार्य करने का दायरा बहुत बड़ा है। झारखंड में दो हजार लोक सेवकों का स्ट्रेंथ है। राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की सेवा के लिए दो हजार लोक सेवकों का आंकड़ा कहीं से भी कम दिखाई नहीं पड़ता है। जरूरत है कि हम और आप सभी लोग अपने कार्यों को ईमानदारी, संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ पूरा करें।

इस दौरान कई विषयों पर विभिन्न अधिकारियों ने अपनी प्रस्तुती दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड आईएएस ऑफिसर एसोसिएशन की त्रैमासिक पत्रिका 'पलाश' का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री को एसोसिएशन ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, वंदना डाडेल, कई विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव- सचिव, वन सेवा के पदाधिकारी तथा पुलिस सेवा के पदाधिकारी सहित अन्य लोक सेवक उपस्थित थे।


झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम हेमंत सोरेन ● फोटोन न्यूज

### झारखंड देश के पिछड़े राज्यों में से एक

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग हुए 20 साल से अधिक हो चुके हैं, लेकिन आज भी झारखंड जहां था, वहीं खड़ा है। हमारे पास वैसा कोई कारण नहीं है, जिससे हम पिछड़े राज्यों के गिने जाएं परंतु यह सत्य है कि आज के समय में झारखंड देश के पिछड़े राज्यों में से एक राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारें आती-जाती रहती हैं। राजनेता आते-जाते रहते हैं। परंतु आप सभी लोक सेवक लंबे समय तक राज्य की सेवा में कार्यरत रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सफलतापूर्वक धरातल पर उतारी जा सकती हैं जब अधिकारी झारखंड की जनता के रहन-सहन तथा भाषा, संस्कृति के साथ समन्वय बनाएंगे।

### ईडी ने छवि रंजन को दो सप्ताह का समय देने वाली याचिका खारिज कर शाम चार बजे बुलाया था

# लैंड स्कैम मामला: ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बोले- पितृत्व अवकाश पर हूं

**विशेष संवाददाता, रांची।**

आईएएस अधिकारी और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए। इससे पहले ईडी ने छवि रंजन को दो सप्ताह का समय देने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी और इसके बजाय ईडी ने उन्हें शुक्रवार शाम चार बजे पेश होने का निर्देश दिया था। हालांकि छवि रंजन इस समय सीमा का भी पालन करने में विफल रहे। उन्होंने ईडी को जवाब दिया है कि वे अभी पितृत्व अवकाश पर हैं, इसलिए हाजिर नहीं हो सकते। ईडी ने छवि रंजन से पूछताछ के लिए अभी कोई नई तारीख तय नहीं की है। बता दें कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी ने समन भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन सरकार से उन्हें पहले ही 17 अप्रैल से लेकर 1 मई तक पितृत्व अवकाश की छुट्टी मिल चुकी थी।


छवि रंजन की फाइल फोटो

## ईडी की टीम पहुंची रजिस्ट्री कार्यालय

शुक्रवार को ईडी की टीम रांची रजिस्ट्री कार्यालय पहुंची। वहां ईडी ने माइनिंग लीज से संबंधित दस्तावेज तलाश किए। जानकारी के मुताबिक, करीब 5:00 से 5:30 बजे ईडी के अधिकारी रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे। इस दौरान एजेंसी ने माइनिंग लीज से संबंधित कई दस्तावेज प्राप्त किए। वहीं हाल के दिनों में रांची में जिन भूखंडों की रजिस्ट्री चर्चा में रही, उनके रिकॉर्ड भी एऊने तलाश किए, जिन्हें ईडी की टीम अपने साथ ले गई। बता दें कि खनन लीज से संबंधित मामला झारखंड में पिछले वर्ष से काफी चर्चा में है।

## वीरेंद्र राम के खिलाफ ईडी ने दाखिल की कंप्लेन

**रांची :** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन (पीसी) दाखिल की है। शुक्रवार को रांची ईडी की टीम ने पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट के आवासीय कार्यालय पर पीसी दाखिल की है। ईडी ने जो पीसी दाखिल की है, उसमें वीरेंद्र राम के अलावा टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने वाले लोगों के बारे में भी जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही किस को कितना हिस्सा मिलता था और किसकी क्या भूमिका थी, यह जानकारी भी प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन में दी गयी है।

## सेना की ट्रक पर हमला करने वाले सात आतंकियों की तलाश

### पुंछ अटैक के बाद आर्मी का खोजो और मारो मिशन

**एजेंसी, श्रीनगर।**

कश्मीर में सेना के ट्रक पर हमला करने वाले आतंकियों की तलाश की जा रही है। इसके लिए स्पेशल टीम को लगाया गया है। इसमें हेलिकॉप्टर, ड्रोन और स्निफर डॉग की भी मदद ली जा रही है। यह खोजो और मारो अभियान है। यानी नजर आते ही आतंकियों को खत्म करने का आदेश है। गुरुवार को यहां सेना के ट्रक पर गोलीबारी और फायरिंग की गई थी। इससे ट्रक में आग लग गई थी और राष्ट्रीय रायफल्स यूनिट के 5 जवान शहीद हो गए थे। एक जवान घायल हुआ था। डिफेंस सूत्रों के मुताबिक, घायल जवान ने बताया कि रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड अटैक में कम से कम 7 आतंकी शामिल हो सकते हैं। उधर, जवानों पर आतंकी हमले की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी और 8 सदस्यीय फोरेंसिक टीम को पुंछ भेजा गया है। बम डिस्पोजल स्क्वॉड और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप टीम ने सुबह जाकर पूरे इलाके की जांच की। भीमबेर गली पुंछ से 90 किलोमीटर और लाइन ऑफ कंट्रोल से 7 किमी दूर है। यहां बेहद घना जंगल है। इस इलाके में 6 से 7 पाकिस्तानी आतंकियों की मौजूदगी के इंटेलिजेंस इनपुट हैं। पूरे इलाके में सुरक्षा बलों ने ड्रोन-स्निफर डॉग से सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। ऐसा कहा जा रहा है कि ये आतंकी दो ग्रुप में बंटे हैं। हमला गुरुवार दोपहर 3 बजे राजौरी सेक्टर में तब हुआ, जब सेना के तीन वाहन जवानों को लेकर राजौरी-पुंछ नेशनल हाईवे पर भीमबेर गली से पुंछ की तरफ जा रहे थे। तेज बारिश और कम विजिबिलिटी का फायदा उठाकर आतंकियों ने घात लगाकर ट्रक को घेरा।

# मराठा आरक्षण के लिए मजबूती के साथ कानूनी लड़ाई लड़ेगी सरकार : एकनाथ शिंदे

**एजेंसी, मुंबई।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि मराठा आरक्षण के लिए राज्य सरकार मजबूती के साथ कानूनी लड़ाई लड़ेगी। सरकार सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटीशन (उपचारात्मक याचिका) दाखिल करेगी और जो कमी रह गई है उसे पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मराठा समाज के लिए पहले से शुरू की गई सुविधाओं को पूर्ववत जारी रखेगी।

मुख्यमंत्री शिंदे ने शुक्रवार को सह्याद्रि गेस्ट हाउस में पत्रकारों से कहा कि गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की ओर से दाखिल पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद आज कैबिनेट की उपसमिति की बैठक हुई। इसमें सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव



एकनाथ शिंदे की फाईल फोटो।

पिटीशन दाखिल करने का निर्णय लिया है। शिंदे ने कहा कि मराठा आरक्षण के दरवाजे बिल्कुल भी बंद नहीं हुए हैं। हम मराठा समाज के आरक्षण के लिए एक मजबूत कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। इसके लिए एक उपचारात्मक याचिका दाखिल करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मराठा समाज के पिछड़ेपन को साबित करने के लिए एक नया आयोग गठित किया जाना चाहिए और एक व्यापक एवं वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में सह्याद्री गेस्ट हाउस में मराठा आरक्षण को लेकर कैबिनेट की उपसमिति की बैठक हुई। इस बैठक में उपसमिति के अध्यक्ष और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकात पाटिल, बंदरगाह मंत्री दादा भुसे, आबकारी मंत्री शंभूराज देसाई, उद्योग मंत्री उदय सामंत, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रवींद्र चव्हाण सहित विधायक प्रवीण दरेकर, पूर्व न्यायाधीश एमजी गायकवाड़, महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ, वकील विजय थोरात, अन्नासाहेब पाटिल आर्थिक पिछड़ा विकास निगम के अध्यक्ष नरेंद्र पाटिल आदि उपस्थित थे।

## शरद पवार से मिले शिंदे गुट के नेता उदय सामंत, अटकलों का बाजार गर्म

**एजेंसी, मुंबई।**

महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री एवं शिवसेना नेता उदय सामंत ने शुक्रवार सुबह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की। एक दिन पहले उद्योगपति गौतम अडाणी भी शरद पवार से मिले थे। इसके मद्देनजर आज हुई इस मुलाकात ने राजनीतिक अटकलों का बाजार गर्म कर दिया है।

इस समय राज्य में राकांपा नेता अजीत पवार की शिंदे-फडणवीस सरकार में शामिल होने की जोरदार चर्चा की जा रही है। हालांकि अजीत पवार इस बारे में अपना स्पष्टीकरण दे चुके हैं। अजीत पवार ने कहा था कि वे जब तक जीवित हैं, तब तक राकांपा में ही रहेंगे। इसके बाद भी अजीत पवार को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पार्टी को फूट से बचाने के लिए शरद पवार कोई नया खेल खेल सकते हैं। हालांकि शरद पवार से मुलाकात के बाद उदय सामंत ने कहा कि महाराष्ट्र नाटक परिषद के चुनाव के सिलसिले में वे उनसे मिले थे। इस मुलाकात का राजनीतिक अर्थ नहीं लगाया जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले अजीत पवार भाजपा के साथ मिलकर राज्य में भाजपा-राकांपा गठबंधन की सरकार बना चुके हैं। उस समय फडणवीस ने मुख्यमंत्री और अजीत पवार ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। हालांकि यह सरकार सिर्फ 80 घंटे तक ही चली सकी थी। इसके मद्देनजर यह कयास लगाए जा रहे हैं कि राकांपा एक बार फिर शिंदे-फडणवीस सरकार में शामिल हो सकती है।

## ब्रीफ न्यूज

### ओबीसी समाज के साथ किया जा रहा है अन्याय, जारी रहेगा संघर्ष : अंबा प्रसाद



अंबा प्रसाद की फाईल फोटो।

**रामगढ़ :** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने ओबीसी आरक्षण संबंधी विधेयक राज्यपाल के वापस करने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ओबीसी समाज के साथ अन्याय किया जा रहा है। जिनके हक एवं अधिकारों को पूर्ण कराने के लिए मेरा संघर्ष अंतिम निष्कर्ष तक जारी रहेगा। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़े 50फीसद से अधिक जनसंख्या वाले ओबीसी समुदाय को उनकी संख्या का आधा 27फीसद आरक्षण देने की बारी आती है, तब 50फीसद की सीमा लग जाती है। संस्थाओं के द्वारा सर्वे व ट्रिपल टेस्ट करने को कह दिया जाता है। इस संदर्भ में सारी सीमाएं सारे सर्वे ओबीसी समुदाय पर ही लाद दिये जाते हैं, जबकि ओबीसी समुदाय काफी पिछड़े हैं और उचित आरक्षण नहीं मिलने के कारण और भी पिछड़ जा रहा है। अंबा प्रसाद ने कहा कि इस संदर्भ में मेरे द्वारा कई बार विधानसभा में मामला उठाया गया। समय- समय पर कई पत्राचार किए गए। विगत सत्र में भी ओबीसी समुदाय को 27 फीसद आरक्षण सुनिश्चित कराने के लिए जाति आधारित जनगणना कराने की मांग की।

### हिमाचल के चार दिवसीय दौरे के बाद दिल्ली लौटीं राष्ट्रपति मुर्मू

**शिमला :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हिमाचल प्रदेश के चार दिवसीय दौरे के बाद शुक्रवार को शिमला से नई दिल्ली के लिए लौट गईं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा शिमला के कल्याणी हेलीपैड से राष्ट्रपति को गरिमापूर्ण विदाई दी गई। सवा 10 बजे के करीब वायु सेना के हेलीकॉप्टर से राष्ट्रपति नई दिल्ली लौटीं। शिमला प्रवास के दौरान बीते बुधवार को द्रौपदी मुर्मू हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई थीं। इसी दिन उन्होंने राष्ट्रीय लेखा परीक्षा तथा लेखा अकादमी शिमला द्वारा आयोजित भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को भी संबोधित किया था। बीते गुरुवार को उन्होंने भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान का दौरा किया। बाद में उन्होंने शिमला के ऐतिहासिक हनुमान मंदिर जाखू में शीश नवाया। 18 अप्रैल को राष्ट्रपति के शिमला आगमन पर हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से राजभवन में उनका नागरिक अभिनन्दन किया गया। शिमला प्रवास के दौरान द्रौपदी मुर्मू मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास रिट्रीट में रुकीं थीं। इस दौरान उन्होंने रिट्रीट को आम लोगों के लिए खोलने की आधिकारिक घोषणा की।

### देश की तरक्की के लिए जनगणना जरूरी : खड़गे

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश की तरक्की के लिए जनगणना बहुत जरूरी है। लेकिन केन्द्र सरकार इसे टाल रही है। खड़गे ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि अब भारत विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। ऐसे में हमारे जन-कल्याण की योजनाओं और देश की तरक्की के लिए जनगणना जरूरी है। खड़गे ने कहा कि बिना जनगणना के आंकड़ों के सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहद मुश्किल है। ऐसे में जनगणना समय की मांग है। खड़गे ने कहा कि उन्होंने सुना है कि सरकार ने जनगणना को वर्ष 2024 तक के लिए टाल दिया है। ऐसा क्यों किया जा रहा है सरकार को बताना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले कांग्रेस जाति आधारित जनगणना की मांग भी कर चुकी है।

### शाह ने फोन कर प्रकाश सिंह बादल के स्वास्थ्य के बारे में ली जानकारी

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को फोन कर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के स्वास्थ्य की जानकारी ली है। शाह ने ट्वीट कर इसकी सूचना दी। शाह ने कहा कि उन्हें यह जानकर चिंता हुई कि दिग्गज नेता प्रकाश सिंह बादल अस्वस्थ हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। ऐसे में उन्होंने सुखबीर सिंह बादल को फोन कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली है। शाह ने कहा कि वह ईश्वर से प्रकाश सिंह बादल के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। उल्लेखनीय है कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल को आज सुबह मोहाली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया । जहां डॉक्टरों की टीम उनकी सेहत पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। प्रकाश सिंह बादल की आयु 95 वर्ष हैं। वह पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रहे हैं। बीते वर्ष सितंबर महीने में उन्हें सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### वीवीपैट मशीनों में खराबी पर कांग्रेस ने उठाया सवाल

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि 37 फीसदी वीवीपैट मशीनें खराब पाई गई हैं। ये मशीनें वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव व अन्य चुनावों में उपयोग की गई थीं। ऐसे में सरकार सहित दूसरे जिम्मेदार संस्थानों पर सवाल खड़ा होता है। इससे जनता के मन में चुनावी व्यवस्था को लेकर संशय भी पैदा होता है। जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार 37 फीसदी वीवीपैट मशीनें खराब पाई गई हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से लेकर आगे के तमाम चुनावों में इन मशीनों का भी इस्तेमाल किया गया है। एक ही सीरीज के सीरियल नंबर वाली हजारों मशीनों के खराब होने पर भी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार बताए कि वह क्या छुपाना चाहती।

### मुख्यमंत्री ने ओडिशा के जवान देवाशीष के बलिदान पर दुख जताया

**भुवनेश्वर :** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने जम्मू-कश्मीर में ओडिशा के जवान देवाशीष बिश्वाल के बलिदान पर दुख व्यक्त किया है । मुख्यमंत्री ने इस बारे में ट्वीट किया है। पटनायक ने ट्वीट किया है, जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले में ओडिशा के जवान देवाशीष बिश्वाल के वीर गति को प्राप्त होने के समाचार दुखदायी है । देश की सुरक्षा में उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा । उनकी आत्मा की सद्गति की कामना करने के साथ इस दुखद घड़ी में उनके परिवार के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

### भाजपा ने डीएमके सरकार पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**नई दिल्ली :** भाजपा ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने तमिलनाडु के वित्त मंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस तरह से गांधी परिवार देश में भ्रष्टाचार कर रहा था उसी प्रकार से डीएमके का परिवार भी तमिलनाडु में जमकर भ्रष्टाचार कर रहा है। सैयद जफर इस्लाम ने तमिलनाडु के वित्त मंत्री और एक पत्रकार के बातचीत का ऑडियो सुनाते हुए यह दावा किया कि राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के दामाद वी सबरीसन और उनके बेटे ने भ्रष्टाचार कर एक साल में तीस हजार करोड़ रुपये का काला धन बनाया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु का कल्चर और संस्कृति भारत की विरासत है लेकिन प्रदेश की डीएमके सरकार इस विरासत में भ्रष्टाचार का जहर घोल रही है। जब से डीएमके की सरकार प्रदेश में आई है तब से वहां भ्रष्टाचार और भी बढ़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चाहे राहुल गांधी हों, चाहे वाड्रा हों या गांधी परिवार के कुछ और लोग हों... जिस तरह से ये परिवार देश में भ्रष्टाचार कर रहा था उसी प्रकार डीएमके का परिवार भी भ्रष्टाचार कर रहा है।

## दिग्विजय सिंह ने उठाया चीन का मुद्दा, कहा- शंकराचार्य की प्रतिमा क्यों बन रही चीन में

**एजेंसी, उज्जैन।**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह शुक्रवार को उज्जैन में थे। यहां मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने चीन का मुद्दा उठाया और सवालिया लहजे में कहा कि सरकार ओंकारेश्वर में स्थापित होने वाली शंकराचार्यजी की प्रतिमा चीन में क्यों बनवा रही है? इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जम्मू में हुए आतंकवादी हमले में चीन मार्किंग के बुलेट मिले हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि चीन भारत में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा हो?

हालांकि दिग्विजय सिंह उज्जैन में आगामी विधानसभा चुनाव में जाने के लिए कार्यकताओं की बैठक लेने और मार्गदर्शन करने आये थे, लेकिन उन्होंने यहां मीडिया के साथ बातचीत के दौरान एक नए मुद्दे को हवा दे दी।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ऐसे उम्मीदवार को टिकट देगी, जो टिकाऊ हो- बिकाऊ नहीं। विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस की नब्ज टटोलने और तैयारियों के सिलसिले में उज्जैन आए दिग्विजय सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जम्मू सबसे शांत इलाका था लेकिन वहां भी आतंकवाद पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दावा किया था कि अनुच्छेद 370 हटाने के बाद आतंकवाद कम होगा लेकिन पिछले तीन वर्षों में आतंकवाद बढ़ा है। जम्मू में हुए आतंकवादी हमले में चीन मार्किंग के कारतूस मिलना



दिग्विजय सिंह का फाईल फोटो।

इस बात का संकेत है कि चीन आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में सूबे के ठेकेदार कोई ठेका नहीं ले पाते। वे केवल पेटी कॉन्ट्रेक्ट ले सकते हैं। गुजरात के ही ठेकेदार काम करते हैं। ओंकारेश्वर में स्थापित करने के लिए बन रही शंकराचार्यजी की प्रतिमा के लिए तीन लोग चीन भेजे गए हैं, जबकि चीन के माल का विरोध किया जाता है।

दिग्विजय सिंह ने केंद्र सरकार पर तंज कसा कि अब तो केवल चुप रहिए। कुछ बोलेंगे या विरोध करेंगे तो पुराने मुकदमे निकालकर सजा दिलवा दी जाएगी। पुलवामा घटना के बाद सत्यपाल मालिक ने माना था कि विफलता हुई लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने चुप करा दिया। अब चुप रहने की आदत बढ़ती जा रही है। रक्षामंत्री कहते हैं चीन ने हमारी धरती पर कब्जा किया लेकिन प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कोई कब्जा नहीं हुआ। पत्रकार वार्ता को संबोधित करने के बाद दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस पार्टी के उज्जैन उत्तर और दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के मंडल, सेक्टर और अन्य कार्यकर्ताओं की बैठक की।

## पूर्व सांसद त्रिलोचन कानूनगो नहीं रहे, मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

**एजेंसी, भुवनेश्वर।**

जगतसिंहपुर के पूर्व सांसद तथा शिक्षाविद त्रिलोचन कानूनगो (83 वर्ष) का निधन हो गया। भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में शुक्रवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से पूरे राज्य में शोक है। गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है ।

कटक जिले के बडमुलेई गांव में 1940 में जन्मे त्रिलोचन कानूनगो तीन बार विधायक रहे और 1999 में बीजू जनता दल के टिकट पर जगतसिंहपुर लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए। कटक म्यूनिसिपलिटी में चेयरमैन के रूप भी उन्होंने जिम्मेदारी संभाली थी। वह राज्य वित्त कमीशन के अध्यक्ष भी रहे।

त्रिलोचन कानूनगो के निधन पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि ह्लवरिष्ठ राजनेता तथा पूर्व सांसद त्रिलोचन कानूनगो के निधन का समाचार सुन कर दुःखी हूं। जन सेवा के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये कार्य हमेशा स्मरणीय रहेंगे। उनकी आत्मा की सद्गति की कामना करने के साथ शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

### केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने शोक व्यक्त किया

पूर्व सांसद त्रिलोचन कानूनगो के निधन पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने भी शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि ओडीशा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद त्रिलोचन कानूनगो के निधन पर मैं दुःखी हूं। लोगों के लिए उनके द्वारा किये गये जनकल्याणकारी कार्य हमेशा स्मरणीय रहेगा। अर्थशास्त्री के रूप में उनकी विशेष पहचान थी।

## वाम जनवादी ताकतों को एकताबद्ध करने के लिए 20 मई को होगा राज्यस्तरीय सम्मेलन

भाकपा माले राज्य कार्यालय पर हुई बैठक में लिया गया निर्णय

**संवाददाता, रांची।**

वामदलों की एक बैठक शुक्रवार को भाकपा माले राज्य कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पोलित ब्यूरो कमेटी के सदस्य जर्नादन प्रसाद ने की। वामदलों के नेताओं ने केन्द्र सरकार को तानाशाह बताया। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए व वाम जनवादी ताकतों को एकताबद्ध करने के लिए 20 मई को वामदलों का राज्यस्तरीय सम्मेलन बुलाया है।

उन्होंने देश बचाने की लड़ाई में वाम जनवादी ताकतों को एकताबद्ध कर संघर्ष करने का आह्वान किया। इसके लिए वाम दलों ने आगामी 20 मई को राजधानी रांची में एक राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यह सम्मेलन झारखंडी जनता के सवाल और वाम जनवादी शक्तियों का संघर्ष विषय पर आयोजित होगा। इसके लिए 10 सूत्री जनमुद्दों पर आधारित चार्टेड ऑफ डिमांड तैयार किया गया। इसमें जन



बैठक में शामिल भाकपा माले के सदस्य। ● द फोटोन न्यूज

आंदोलन से जुड़े कई हस्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसमें स्थानीय एवं नियोजन नीति पर सर्वदलीय बैठक आयोजित कर स्थानीय एवं नियोजन नीति जल्द तैयार करने, रोजगार की गारंटी देने, जंगल, जमीन और खनिज लूट और विस्थापन पर लगाम लगाने, स्वस्थ्य और शिक्षा का निजीकरण पर रोक लगाने, मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में मजदूरी और कार्यदिवस में बढ़ोतरी करने, महंगाई और श्रम कानूनों में संशोधन वापस लेने सहित कई मांगें की जाएंगी। अगली बैठक 2 मई को माकपा राज्य कार्यालय में होगी। इसमे आगे की रणनीति तय होगी।

बैठक में भाकपा माले राज्य सचिव मनोज भक्त, राज्य कमेटी सदस्य भुवनेश्वर केवट, मोहन दत्ता, माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ,राज्य सचिव मण्डल सदस्य समीर दास, भाकपा के रांची जिला सचिव अजय सिंह, मासस राज्य कमेटी सदस्य राजेंद्र गोप, शुशांतो मुखर्जी, आरएसपीआई के गणेश दीवान वर्मा, एसयूसीआई के मिंटू पासवान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे

आज धुर्वा थाने में पूछताछ के लिए जायेंगे प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेता

## जनभावनाओं को पुलिसिया दमन से कुचलना चाहती है सरकार : सांसद

**संवाददाता, रांची।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार जनभावनाओं को पुलिसिया दमन से कुचलना चाहती है।

कहाकि विगत 11 अप्रैल को प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम ने हेमंत सरकार की दमनकारी सोच को पूरी तरह उजागर कर दिया है। यह सरकार अपने खिलाफ आंदोलन करने वालों के साथ आतंकवादियों, देशद्रोहियों जैसा व्यवहार करती है। अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने केलिए यह सरकार अत्याचारी बन गई है। इसलिए लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे नेताओं पर यह सरकार संगीन अपराध की धाराएं लगाती है,आनन-फानन में नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए थाना बुलाती है।



दीपवक प्रकाश का फाईल फोटो।

प्रकाश ने कहा कि भाजपा मुकदमों से नहीं डरती। भाजपा ने जनभावनाओं के अनुरूप सदन से सड़क तक राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ठगबंधन की वादा खिलाफी को उजागर करने के लिए संकल्पबद्ध है।

उन्होंने कहा कि उनके साथ भाजपा विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल और सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक 22 अप्रैल को धुर्वा थाना में पूछताछ के लिए हाजिर होंगे और सारे सवालों का संवैधानिक रूप से जवाब भी देंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं कार्यकताओं ने कोई पद और शासन का दुरुपयोग करते हुए अपने नाम खान खनिज का आवंटन नहीं कराया है, कोई आदिवासी की जमीन नहीं हड़पी है। कोई पत्थर, बालू की लूट नहीं की है। शराब के घोटाले नहीं किए हैं। दलितों की जमीन नहीं लुटवाई है। महिलाओं, किसानों, युवाओं, पिछड़ों को प्रताड़ित नहीं किया है, फिर डर कैसा?

उन्होंने कहा कि भाजपा ने तो घोषणा करके डंके की चोट पर लूट भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण के खिलाफ आवाज बुलंद की। जो एक सशक्त और जागरूक प्रतिपक्ष के नाते पार्टी का धर्म है। भाजपा झारखंड को लूटते, बर्बाद होते नहीं देख सकती। उन्होंने कहा कि संवैधानिक प्रक्रियाओं के तहत सभी भाजपा नेता पूछताछ का जवाब देंगे।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बिशुनपुर ब्लॉक स्थित विकास भारती के कार्यक्रम में हुए शामिल

## सिनगीदई वन विकास केंद्र की रखी आधारशिला

**संवाददाता, गुमला।**

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को जिले के बिशुनपुर ब्लॉक स्थित विकास भारती के सिनगी दई वन विकास केंद्र का शिलान्यास एवं कुशल कारीगर कौशन उन्नयन कार्यक्रम में शामिल हुए। बैगा-पुजार द्वारा पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने बलातु गांव में सिनगीदई वन विकास केंद्र की आधारशिला रखी। साथ ही उन्होंने वहां पर वृक्षारोपण भी किया।

शुक्रवार को राज्यपाल राधाकृष्णन रांची से भाया लोहरदगा होते हुए सड़क मार्ग से बिशुनपुर पहुंचे। जहां विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत, सांसद सुदर्शन भगत, सांसद समीर उरांव, विकास भारती के अध्यक्ष अजय



सिनगीदई वन विकास केंद्र की आधारशिला रखते राज्यपाल। ● द फोटोन न्यूज

सिंह व संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों के साथ संवाद भी स्थापित किया। इसके पश्चात राज्यपाल ने कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के संचालित सालम प्रक्षेत्र इकाई का भ्रमण किया गया। साथ ही सालम फार्म इकाई में वृक्षारोपण भी किया। इस मौके पर उन्होंने केंद्र पर विभिन्न तकनीकों के विषय में जानकारी भी प्राप्त की।

राज्यपाल ने चिंगरी गांव स्थित टाना आंदोलन के प्रणेता जतरा टाना भगत की प्रतिमा (स्मारक स्थल) पर पुष्पांजलि देकर टाना



एनएसडीसी के प्रशिक्षणार्थी को सर्टिफिकेट देते राज्यपाल। ● द फोटोन न्यूज

भक्तों के साथ संवाद स्थापित किया। राज्यपाल ने जतरा टाना विद्या मंदिर में बच्चों के साथ बातचीत भी की। इसके बाद राज्यपाल सृजन परिसर में आयोजित एक मंचीय कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां राज्यपाल ने कहा कि पद्मश्री अशोक भगत के नेतृत्व में विकास भारती ने इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में विकास के साथ सामाजिक जागरुकता लाने का काम किया है। अशोक भगत ने बिना थके-बिना रुके विकास का एक रोल मॉडल प्रस्तुत किया है।

राज्यपाल ने कहा कि हम पहले विकास भारती के कार्यों के बारे सुने थे। यहां आकर देखने के बाद आश्रम व्यवस्था एवं कार्य करने की पद्धति से हम रूबरू हुए । विकास भारती के द्वारा इस क्षेत्र में काफी सकारात्मक विकास हुआ है । राज्यपाल ने कहा कि विकास भारती ने आरपीएल के अंतर्गत 450 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है ।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने एनएसडीसी के 450 प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट का वितरित किए। कार्यक्रम में लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, भाजपा के संगठक बी सतीश, एनएसडीसी के सीईओ वेद मणि त्रिपाठी, आईआईएम रांची के निदेशक दीपक श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक डा. एहतेशाम और डीडीसी हेमंत सती समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

ब्रीफ न्यूज

## रांची में आज और कल जिला मलखंब प्रतियोगिता

**रांची :** रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वावधान में दो दिवसीय पुरुष, महिला मलखंब प्रतियोगिता 22 और 23 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता धुर्वा स्थित बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेक्टर -2 के प्रांगण में होगी। रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय झा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर रांची जिला सब जूनियर, जूनियर, सीनियर टीम का चयन किया जाएगा। आगामी माह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। इस प्रतियोगिता में रांची जिले के सभी कोटि के मध्य-उच्च विद्यालय, महाविद्यालय, क्लब एवं ग्रामीण क्षेत्र की टीम भाग ले सकती हैं।

## राज्य में कोरोना के 284 एक्टिव केस, 46 नए केस

**रांची :** झारखंड में कोरोना का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। राज्य में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या भी 284 हो गयी है। पिछले 24 घंटे में राज्य में कोरोना के 46 नए मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोरोना के नए मामलों में रांची में सात, बोकारो में दो, लातेहार और देवघर में चार-चार, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में नौ, गिरिडीह, गोड्डा और गुमला में दो-दो, हजारीबाग और पलामू से एक- एक एवं लोहरदगा के 12 हैं। इसी दौरान राज्य में कोरोना के 26 मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में सबसे अधिक 83 केस राजधानी रांची में एक्टिव हैं।

## ईद को लेकर आज बंद रहेंगे ओपीडी

**रांची :** ईद पर्व पर शनिवार को रिम्स का ओपीडी बंद रहेगा। साथ ही अन्य जांच भी नहीं होंगे। हालांकि इस बंदी में भी इमरजेंसी सेवाएं बहाल रहेंगी। रिम्स के ट्रामा सेंटर स्थित इमरजेंसी में गंभीर मरीज या जिन्हें सेहत को लेकर अधिक परेशानी हो तो वे यहां पर इलाज करवा सकेंगे। यहां पर डाक्टरों की टीम 24 घंटे तैनात रहेगी। इमरजेंसी जांच की भी सुविधा होगी।

## निगम कर्मी ने दुकानदार के खिलाफ दर्ज करायी शिकायत

**रांची:** गोंदा थाना क्षेत्र के कांके रोड स्थित मंदिर कोठी निवासी मनीष कुमार सिंह की ओर से शिकायत किए जाने के बाद शुक्रवार को निगम कर्मियों ने भी थाने में लिखित शिकायत की है। थाने में दिए गए आवेदन ने निगम कर्मियों ने बताया है कि वे सभी वरीय अधिकारियों के आदेश के बाद 17 अप्रैल को दुकान खाली कराने पहुंचे थे। इसी दौरान मनीष कुमार समेत अन्य लोों ने गाली-गलौज करते हुए विरोध किया था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## 24 अप्रैल को रांची आयेगी हिमाचल नगर निगम की टीम

**रांची :** शिमला नगर निगम और हिमाचल अर्बन डेवलपमेंट की 9 सदस्यीय टीम 24 अप्रैल को एक दिवसीय दौरे पर रांची आएगी। टीम रांची के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करने के साथ ही रांची नगर निगम की कार्य पद्धति को समझेगी। रांची नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि हिमाचल की टीम पूरे भारत के भ्रमण पर निकली है। इसका मकसद विभिन्न राज्यों में कार्य करने के तरीके को समझना और उसके उपयोग को जनना है। रांची नगर निगम में टीम प्रॉपर्टी टैक्स और अर्बन डेवलपमेंट पर चर्चा करेगी। यह टीम नेशनल डिजिटल मिशन के तहत पूरे भारत का भ्रमण कर रही है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24, Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# फर्नीचर दुकान में लगी भीषण आग 1.5 करोड़ का सामान जलकर राख

## अगलगी की घटना को फर्नीचर दुकान के संचालक ने बताया साजिश, शिकायत दर्ज

**वरीय संवाददाता, रांची।**



कोकर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित विकास फर्नीचर दुकान में लगी आग को बुझाते लोग ● फोटोन न्यूज

सदर थाना क्षेत्र के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित विकास फर्नीचर दुकान में गुरुवार की रात दो बजे भीषण आग लगने से करीब 1.50 करोड़ रुपये मूल्य का सामान जलकर खाक हो गया। इस संबंध में फर्नीचर दुकान के संचालक रोहित कुमार अग्रवाल ने सदर थाने में शिकायत दर्ज करायी। पुलिस को दिये बयान में दुकानदार ने कहा कि रात 12 बजे के आसपास घर के लोग सो गए। देर रात दो बजे धुंआ के कारण नींद टूटा। कमरे का गेट खोला तो देखा कि दुकान और गोदाम से आग की लपटे उठ रही है। जबकि उस समय घर में बिजली का बल्ब जल रहा था। अगर शार्ट सर्किट से आग लगती तो बिजली कट जाती है। किसी ने साजिश के तहत दुकान में आग लगायी है। सदर थाना पुलिस ने रोहित कुमार अग्रवाल के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

जिस समय अगलगी की घटना घटी। आसपास पूरा सन्नाटा था। दुकान से आग की लपटे उठता देख रोहित अग्रवाल और उनकी पत्नी जोर जोर से चीखना-चिल्लाना शुरू की। जब तक आसपास के लोग मौके पर जुटे, दुकान और गोदाम में चारों ओर आग फैल चुकी थी। आग की लपटें घर तक पहुंच चुकी थी। जैसे तैसे घर के कुछ समान निकाले। इसके बाद पहले स्थानीय लोगों ने आग पर पानी डालना शुरू किया। लेकिन आग बढ़ता ही जा रहा था। ऐसे में करीब 2.45 बजे के आसपास अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी गई। सूचना के आधा घंटे के बाद फायर ब्रिगेड की दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची। फर्नीचर कारोबारी रोहित कुमार अग्रवाल परिवार के सात सदस्यों के साथ दुकान के ऊपरी तल्ले पर फंसे हुए थे। जबतक परिवार वालों की नींद टूटती निचले तल्ले से आग की लपटें उठ रही थी। सीढ़ी के रास्ते नीचे उतरना संभव नहीं था। आग की उठती लपटों के साथ कारोबारी परिजनों की चीख-पुकार तेज होते गई। इस बीच सड़क के दूसरी ओर पेट्रोल पंप के कर्मियों ने जब चीख पुकार सुनी तो दौर कर पहुंचे। तक तक आसपास के घरों से भी लोग निकल कर बाहर आ गए थे। आनन-फानन में पेट्रोल पंप से सीढ़ी मंगवाया गया। जिधर आग लगी थी उसके दूसरी ओर सीढ़ी लगाकर सभी सदस्यों को नीचे उतारा गया। कुछ जरूरी सामान भी बाहर निकाले गए। आग पर काबू पाने पहुंची फायर ब्रिगेड की दमकल गाड़ी बिना तैयारी के मौके पर पहुंची इसका नतीजा ये हुआ कि कुछ देर के बाद ही दमकल गाड़ी की पानी समाप्त हो गई जबकि दुकान के समान अभी भी धू धू कर जल रही थी। स्थानीय लोगों के अनुसार खाली हो चुके दमकल गाड़ी के वापस लौटने के कुछ देर के बाद दूसरी गाड़ी पहुंचती थी। इस कारण भी क्षति ज्यादा हुई।

# शादी से घर लौट रहे युवक से छिनतई, मामला दर्ज

## विरोध करने पर चाकू मार किया घायल

**क्राइम रिपोर्टर संवाददाता, रांची।**

बरियातू थाना क्षेत्र के डीआइजी ग्राउंड के पास 17 अप्रैल की रात शादी समारोह से घर लौट रहे युवकों ने अपराधियों ने छिनतई की। विरोध किया तो अपराधियों ने चाकू से एक के बाद एक चार वार किया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक का नाम अविनाश केरकेट्टा है वो टुनकी टोला का रहने वाला है। उसका रिम्स के सर्जरी विभाग मे इलाज चल रहा है। अविनाश के बयान पर 18 अप्रैल को बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। हालांकि, अभी तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस को दिये बयान में अविनाश ने बताया कि शादी समारोह में भाग लेकर खूंटी से टुनकी टोला स्थित अपने घर लौट रहा था। घर तक कार जाने का रास्ता नहीं होने की वजह से लगभग 11.30 बजे डीआईजी ग्राउंड में ही कार से उतर गया। कार कोई और लेकर चला गया। वहां से वह पैदल घर जा रहा था। घर से कुछ दूर पहले बिजली ट्रांसफार्मर के समीप स्कूटी सवार तीन अपराधी छिनतई करने लगे। लूट का विरोध किया तो एक अपराधी पीछे से कंधे के समीप चाकू से चार बार वार किया। लहूलुहान अवस्था में वहां से शोर मचाते भागा। हालांकि, ज्यादा भाग नहीं सका सड़क किनारे गिर गया जहां से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## फ्रीडम-2 वॉक चैलेंज में रांची स्मार्ट सिटी के जीएम दूसरे नंबर पर

**रांची :** आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित इंटर सिटी फ्रीडम टू वॉक कंपटीशन-2 में रांची दूसरे स्थान पर है। सिटी लीडर की श्रेणी में सबसे ज्यादा वाकिंग के लिए रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के तकनीकी महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदक्योलियार को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने 45 दिन में 1039 किलोमीटर पैदल चलकर यह रिकॉर्ड दर्ज कराया है। 1 मार्च से से 16 अप्रैल तक इस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। देश के सभी स्मार्ट शहरों के अधिकारियों ने इसमें हिस्सा लिया था। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन से स्मार्ट सिटी के सीईओ, नगर आयुक्त और जीएम समेत 10 अधिकारी इसमें शामिल हुए थे।

# एक सप्ताह में परमिट रिन्यू कराएं नहीं तो जब्त होंगी बसें

## आरटीए सचिव ने 36 स्कूलों को भेजा नोटिस

**वरीय संवाददाता, रांची।**



फाइल फोटो

रीजनल ट्रांसपोर्ट अथारिटी (आरटीए) के सचिव श्याम नारायण ने राजधानी के 36 स्कूल को नोटिस भेजा है। इसमें कहा गया है कि जिन बसों की परमिट फेल हो गई है उसे एक सप्ताह में रिन्युअल करवा लें। उन्होंने बताया कि उन्होंने सभी स्कूल मैनेजमेंट को एक हफ्ते का समय दिया है। अगर समय रहते स्कूल मैनेजमेंट अपना परमिट रिन्यू नहीं कराएंगे, तो उनकी बसों को सीज कर लिया जाएगा। हर सप्ताह स्कूल बसों की जांच की जा रही है। बिना परमिट वाली बसों को चिह्नित कर संबंधित स्कूलों के प्रबंधन को नोटिस भेजा जा रहा है।

मालूम हो कि स्कूल बसों के परिचालन के लिए उच्चतम न्यायालय के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन ने कई मानक तय किए हैं। लेकिन अब अधिकांश स्कूल बसों में किसी मानक का बिल्कुल भी पालन नहीं किया जा रहा है। कुछ महीने पहले भी रांची की कुछ स्कूल बसों में अचानक आग लगने की घटना हुई थी, जिस पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए जांच अभियान भी चलाया था। लेकिन इसके बावजूद स्कूल संचालक और वाहन मालिक लापरवाही बरत रहे हैं। स्कूल बसों में सिर्फ फिटनेस और परमिट ही नहीं, बल्कि कई स्कूल बसों में नियमानुसार सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है। बस ड्राइवर व कंडेक्टर का ड्रेस कोड तक नहीं है। अग्निशमन यंत्र भी खराब पड़े हैं।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई टेक्निकल एवं सिविल वर्क से संबंधित समीक्षात्मक बैठक

# लोगों को ना हो पेयजल आपूर्ति की परेशानी : डीसी

**वरीय संवाददाता, रांची।**




टेक्निकल एंड सिविल वर्क से संबंधित समीक्षात्मक बैठक करते रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ● फोटोन न्यूज

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा गर्मी में आमजनों को पेयजल की समस्या ना हो इसके लिए चापानल की अविलंब मरम्मत का निर्देश सबंधित अधिकारियों को दिया है। उन्होंने जिले में खराब चापानलों के मरम्मत के लिए माइक्रोप्लान अविलंब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के निदान के लिए पेयजल स्वच्छता विभाग को कंट्रोल रूम की स्थापना कर व्यवस्थित संचालन का निर्देश उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह कट्रोल रूम का विजिट करेंग। उपायुक्त ने इसे लेकर शुक्रवार को टेक्निकल एंड सिविल वर्क से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता, भवन प्रमंडल, जिला परिषद, सिंचाई, सड़क, विद्युत, स्पेशल डिविजन आदि विभागों द्वारा जिला में चल रही योजनाओं की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त द्वारा वर्तमान में पेयजलापूर्ति में आने वाली समस्या के संबंध में पेयजल आपूर्ति विभाग के कार्यपालक अभियंता से जानकारी ली गई। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि अपर्याप्त एवं अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण पूरी क्षमता से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। उपायुक्त द्वारा विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी से विद्युत आपूर्ति में आ रही परेशानियों से अवगत होते होते हुए नियमित विद्युत आपूर्ति करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

वैसे योजनाएं जो क्रियान्वयन के स्तर पर हैं उन्हें नियमानुसार त्वरित गति से अनुमोदन करते हुए क्रियान्वित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। बैठक में पथ निर्माण विभाग द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई जा रही सड़कें, सड़क चौड़ीकरण, फ्लाईओवर निर्माण आदि महत्वपूर्ण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गई । इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए की जानेवाली आवश्यक प्रक्रिया जैसे-भूमि अधिग्रहण, विभिन्न विभागों से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट प्राप्त करने, फॉरेस्ट क्लीयरेंस की जानकारी ली। परियोजनाओं के ससमय पूर्ण किए जाने को लेकर उपायुक्त ने सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। पथ निर्माण विभाग के साथ-साथ उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष को योजना क्रियान्वयन के लिए अधिग्रहित भूखंड का दाखिल-खारिज कराने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। यह भी निर्देश दिया गया कि तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात अविलंब नियमानुसार योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

## सिटी एसपी-ट्रैफिक एसपी ने मेनरोड का लिया जायजा, दुकानदारों को दिए आवश्यक निर्देश

# ट्रैफिक एसपी की हिदायत, जगह छोड़कर लगायें दुकानें

**वरीय संवाददाता, रांची।**

शुक्रवार को दोपहर में ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां एवं सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन दलबल के साथ मेनरोड की विधि-व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमलोगों से शांति-व भाईचारगी में ईद की खुशियां बांटने की अपील की। हर हाल में अमन-चैन बरकरार रखने की अपील की। साथ ही, सड़क पर दुकानें लगाने वालों को पूरी तरह से मार्ग अवरूद्ध न करने को कहा। ट्रैफिक एसपी ने कहा कि जगह छोड़कर दुकान लगाये ताकि इमर्जी ी स्थिति में वाहन जा सके। खासकर ऐंबुलेंस को विशेष ध्यान रखने को कहा।

### अहले सुबह तक मेन रोड में मेला जैसा था नजारा

ईद को लेकर मेनरोड में अहले सुबह तक मेला जैसा नजारा था। दोपहर बाद ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। सध्या होते होते भीड़ इतनी बढ़ गई कि मेन रोड में हनुमान मंदिर के आगे पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था। लोग कपड़े के साथ खाद्य सामग्री की जमकर खरीदारी की। इस दौरान यातायात व्यवस्था बनाये रखने में ट्रैफिक पुलिस के जवानों के सांस फूल रहे थे। भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## ईद को लेकर राजधानी के ट्रैफिक में रहेगा बदलाव

**रांची :** राजधानी रांची में ईद को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। हरमू ईदगाह में शनिवार की सुबह ईद की नमाज अदा की जायेगी। इस कारण सुबह 7:30 से 10 बजे तक सहजानंद चौक की ओर से आने वाले सभी वाहनों पर किशोरगंज से न्यू मार्केट चौक की ओर जाने पर पाबंदी रहेगी। इस दौरान हरमू की ओर से रातू रोड और कचहरी आनेवाले वाहन पुरानी रांची, बड़ा तालाब, शहीद चौक एवं रेडियम चौक होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। उसी प्रकार न्यू मार्केट से हरमू बाइपास होकर सहजानंद चौक की ओर जाने वाले वाहन उसी मार्ग का प्रयोग करेंगे। अलबर्ट एक्का चौक से सुजाता चौक की ओर जाने वाले वाहनों को सर्जना चौक, मिशन चौक, कर्बला चौक, बहू बाजार चौक और मुंडा चौक (सिरमटोली चौक ) होते हुए सुजाता चौक की ओर निकाला जायेगा। सुजाता चौक से अलबर्ट एक्का चौक आने वाले वाहनों को सुजाता चौक से एकरा मस्जिद चौक (रतन पुलिस पोस्ट), कर्बला चौक, मिशन चौक होकर सर्जना चौक अथवा प्लाजा चौक की ओर डायवर्ट किया जायेगा।

# झारखंड की चेरो और बथुडी जनजाति पर बनी फिल्म का पोस्टर रिलीज

**संवाददाता, रांची।**

अनुज कुमार के निर्देशन पर बनी फिल्म चेरो और बथुडी का पोस्टर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गया। इन दोनों फिल्मों की शूटिंग झारखंड में हुई है। इसके पात्र चेरो और बथुडी समाज से जुड़े लोग है। क्रू मेंबर भी झारखंड के ही हैं। नेशनल और इंटरनेशनल अवॉर्ड पा चुके अनुज कुमार बताते हैं कि यह एक ऐसी कहानी है जो अभी तक सामने नहीं आयी है। इन जनजातियों का निवास जंगल तक ही सीमित है। हमारी कोशिश लोगों तक उनकी कहानियां, जीवन शैली, गीत संगीत और कला संस्कृति को पहुंचाना है। (पढ़ें, विंग कमांडर दीपिका मिश्रा वायु सेना वीरता पदक पाने वाली पहली महिला अफसर बनीं)

### चेरो झारखंड और बथुडी झारखंड-ओडिशा की सीमा में पाये जाते

चेरो समाज झारखंड के पलामू क्षेत्र से हैं। यह झारखंड की आदिम जनजाति में से एक है। यह फिल्म बताती है कि चेरो एक योद्धा समुदाय होने के बाद भी अपने वर्चस्व को बचा कर नहीं रख पाये। अब वे आदिम जनजाति की श्रेणी में आ चुके हैं। इस फिल्म में चेरो जनजाति के ऐतिहासिक महत्व को दिखाया गया है।

## अधिकतम तापमान में हुई गिरावट, 27 अप्रैल तक राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हो सकती है हल्की बारिश

# मौसम का बदला मिजाज, छाए रहे बादल, गर्मी से मिली राहत

**वरीय संवाददाता, रांची।**

बढ़ती गर्मी के बीच शुक्रवार को झारखंड के लोगों को कुछ हद तक राहत मिली। बादल छाये रहने और हल्की बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत पहुंचायी। इस दौरान अधिकतम तापमान में गिरावट देखी गयी। मौसम विभाग की मानें, तो 27 अप्रैल, 2023 तक राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, 25 अप्रैल तक तेज हवा चलने के कारण यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम का मिजाज बदल गया है। भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिल रही है। हवा के कारण तापमान नीचे आ गया है। राज्य के करीब-करीब सभी जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि से नीचे आ गया है। राजधानी का तापमान भी 34 डिग्री सेसि के आसपास आ गया है। अधिकतम तापमान में तीन दिनों में करीब चार डिग्री सेसि की गिरावट आयी है। संताल परगना के सभी जिलों का तापमान 36 से 38 डिग्री सेसि के बीच है। जमशेदपुर का अधिकतम तापमान करीब 10 डिग्री सेसि गिरा है। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी सहित राज्य के करीब-करीब सभी जिलों के मौसम का मिजाज 28 अप्रैल तक बदला रह सकता है। इस कारण लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। इस दौरान राज्य के कई जिलों में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। ज्ञात हो कि गुरुवार की शाम से ही मौसम का मिजाज बदलने लगा था।

### कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने पूवार्नुमान लगाया है कि 22 से 24 अप्रैल तथा 26 से 27 अप्रैल तक राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। वहीं, 25 अप्रैल को राज्य के उत्तर-पूर्वी यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, धनबाद और गिरिडीह तथा दक्षिणी भाग यानी कोल्हान के अलावा सिमडेगा और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

### 25 अप्रैल तक यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने 21 से 25 अप्रैल तक तेज हवा चलने के कारण यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राज्य में कहीं-कहीं गर्जन या वज्रपात के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रहने की उम्मीद है। वहीं, 25 अप्रैल को राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग, दक्षिण तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन या वज्रपात के साथ तेज हवा चलने की संभावना जतायी है।

### रांची और इसके आसपास के इलाकों में छाये रहेंगे बादल

21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक रांची और इसके आसपास के इलाकों में आंशिक बादल छाये रहने और मेघ गर्जन के साथ बारिश का पूवार्नुमान मौसम विभाग ने जताया है। बादल छाये रहने से लोगों को काफी हद तक गर्मी से राहत मिलेगी।

### पांच दिनों तक छिटपुट बारिश की संभावना

इधर, साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शुक्रवार को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। शुक्रवार को साहेबगंज के तापमान में तीन डिग्री गिरावट दर्ज की गयी। आकाश में बादल छाये रहने के कारण अधिकतम तापमान 40 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहा। कृषि वैज्ञानिक डॉ बीके मेहता ने बताया कि शहर के तापमान में 23 अप्रैल को तीन डिग्री गिरावट रहेगा। 22 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री है। जबकि 23 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहेगा। वहीं 24 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री रहेगा। अगले पांच दिनों तक छिटपुट बारिश की संभावना भी जतायी है। इस दौरान राज्य के कई जिलों में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। ज्ञात हो कि गुरुवार की शाम से ही मौसम का मिजाज बदलने लगा था।

# दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या मामले का खुलासा, पांच गिरफ्तार

**संवाददाता, लातेहार।**

जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसकी हत्या के चर्चित मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने इस जघन्य हत्याकांड में शामिल पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसपी अंजनी अंजनी ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 15 अप्रैल को चंदवा थाना क्षेत्र के गांव में नाबालिग बच्ची का शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके साथ दुष्कर्म फिर उसकी हत्या का खुलासा हुआ। उन्होंने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए



गिरफतार आरोपी व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

जांच के लिए एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने वैज्ञानिक तरीके से जांच की। पुलिस ने घटनास्थल से बरामद गांजा का चिलम तथा अन्य सामानों के आधार पर जांच के बाद शक के आधार पर कुछ युवकों को पकड़ा। पुलिस के अनुसार युवकों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार युवकों ने पुलिस को बताया कि नाबालिक बच्ची को उन लोगों ने उसके घर के पास से ही उठाया था और बाद में सामूहिक दुष्कर्म किया था। उसकी हत्या कर शव को घर के निकट फेंक दिया था। घटना में शामिल चंदवा थाना क्षेत्र के हाका गांव के रहने वाले कैलाश गंझु, पप्पू लोहरा, बाबू लोहरा, लाल मोहन सिंह और दीपक मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कोडरमा :** जिले की तिलैया पुलिस ने शुक्रवार को एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार तिलैया थाना में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसे लेकर पुलिस ने प्राथमिक आरोपित विकास कुमार निवासी विद्यापुरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को संबंधित कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

## चांद दिखा, ईद आज

रामगढ़ : शाम को रोजा खोलने के बाद लोगों ने चांद का दीदार किया है। शनिवार को ईद मनाई जाएगी। चांद का दीदार होते ही लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाई दी। मुस्लिम इलाके में ईद के चलते लोग उत्साहित दिखे। इससे पहले दोपहर को रामगढ़ जिले में अलविदा की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक महीने के रोजा रखने के बाद अलविदा की नमाज पढ़ी।

शुक्रवार को अलविदा की नमाज को लेकर सभी मस्जिदों में भीड़ उमड़ी। हर जगह सुरक्षा को लेकर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी भी थी। रामगढ़ शहर के सौदागर मोहल्ला, गोलपार, नईसराय, सिरका अरगड्डा, न्यू बस स्टैंड मस्जिद में भी लोगों ने अलविदा की नमाज पढ़ी। यह दिन मुस्लिम समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है। इस्लाम में रमजान का महीना सबसे पाक होता है और इसमें पड़ने वाले जुमे का दिन और भी खास रहता है। मान्यताके मुताबिक एक जुमे की नमाज अदा करने पर 40 नमाजों का सबाब मिलता है। शाम को ईद का चांद दिखने पर लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकवाद दी। चांद दिखने के बाद अब शनिवार को ईद मनाई जाएगी। ईद की खरीददारी को लेकर शाम को बाजारों में रौनक दिखी।

# मस्जिदों में पढ़ी गई अलविदा जुमा की नमाज, आज मनाई जाएगी ईद

**संवाददाता, खूंटी।**

माह रमजान के आखिरी जुमा की नमाज जिलेभर में पूरी अकीदत और पाकीजगी के माहौल में अदा की गई। तपती धूप और चिलचिलाती गर्मी में रोजेदारों ने भारी संख्या में शहर और आसपास की मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा की।

शुक्रवार को अलविदा जुमा को लेकर सुबह से ही मुस्लिम बहुल मोहल्लों में उत्साह का माहौल था। लोग अलविदा जुमा की नमाज के लिए सुबह से ही तैयारियों में जुट गए थे। रमजान की आखिरी जुमे की नमाज पढ़ने के साथ ही ईद की तैयारियों में जुट गए है। शहर के जोहरा मस्जिद में 12.30 बजे नमाज अदा की गई, जबकि बड़ी मस्जिद में 1.30 बजे अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई और मदीना मस्जिद में एक बजे नमाज पढ़ी गई। जिले की सबसे बड़ी



अलविदा जुमे की नमाज में शामिल समुदाय के लोग। ● द फोटोन न्यूज

जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज में अदा हुई, जिसमें शहर काजी व पेशे इमाम मोहम्मद मुहिबुल्ला ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। इससे पहले अपनी तकरीर में उन्होंने कहा कि अफसोस है कि माहे रमजान अब हमसे रुख्सत हो रहा है। इसके साथ ही नमाजी भी मस्जिदों से रुख्सत हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि माहे रमजान अहले इमान को दर्स देता है कि कैसे साल भर लोग तकवा, ईमानदारी और बंदगी के साथ अपनी जिंदगी गुजारे। उन्होंने बताया कि अलविदा की नमाज में शहर में सुख-शांति और देश में अमन-चैन की दुआ मांगी गई।

बताया गया कि खूंटी में शनिवार को ईद की नमाज पढ़ी जाएगी। जोहरा मस्जिद में सुबह आठ बजे, जामा मस्जिद में दो पाली में नमाज अदा की जाएगी, जिसका समय है 7.45 और आठ बजे। मदीना मस्जिद में आठ बजे नमाज अदा की जाएगी, जबकि तोरपा, कर्रा, रनिया और मुरहू में भी आठ बजे नमाज पढ़ी जाएगी। अड़की के सिंदरी में भी आठ बजे नमाज पढ़ी जाएगी। ईद की नमाज को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये है। मस्जिदों से लेकर ईदगाह के आसपास मजिस्ट्रेट एवं सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

## नगर परिषद कार्यालय में हुई बोर्ड की बैठक

# बैठक में विभिन्न योजनाओं को मिली प्रशासनिक स्वीकृति



बोर्ड की बैठक में उपस्थित विधायक सुनीता चौधरी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**संवाददाता, रामगढ़।**

नगर परिषद कार्यालय में बोर्ड बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया एवं संचालन अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी जावेद हुसैन के द्वारा किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न योजनाओं का प्रशासनिक स्वीकृति मिली।

मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए हम तत्पर है। लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

मौके पर वार्ड पार्षद मंजू देवी, हेमनी देवी, अर्जुन यादव, चिंतामन महतो, अनिल कुमार गुप्ता, कौशल्या देवी, शिवशंकर मिश्रा, इंद्रदेव राम, अमरीन मंजर, राजेश राम, गणेश पासवान, प्रदीप कुमार, फातमा खातून, गीता देवी, सनियारो बारला, अखिलेश कुमार, देवधारी महतो, रोशन कुमार, जयंती देवी, सीता देवी,

# शासी निकाय के नये सिरे से चुनाव को लेकर आंदोलन के मूड में हैं ग्रामीण

**संवाददाता, रांची।**

कांके प्रखड के पिठोरिया स्थित किसान उच्च विद्यालय में शुक्रवार को शासी निकाय और ग्रामीणों की एक बैठक तनावपूर्ण माहौल में हुई। जगन्नाथ मिश्रा की शासी निकाय के सचिव पद से इस्तीफा देने के बाद सचिव के चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक रखी गई थी। ग्रामीण शासी निकाय के सदस्यों का चुनाव नए सिरे से करना चाह रहे थे। ग्रामीणों की मांग गांव है कि सचिव पद पर चयनित किसान का बेटा हो। जबकि शासी निकाय की ओर से प्रधानाध्यापक का कहना था कि नियमानुसार शासी निकाय की किसी भी सदस्य का चुनाव ग्रामीण नहीं कर सकते हैं।

इस बात को लेकर ग्रामीण भारी आक्रोश में थे उनका कहना था कि आखिर गांव की किसानों के द्वारा निर्मित किसान उच्च विद्यालय में ग्रामीणों का हक क्यों नहीं रहेगा। शासी निकाय के सदस्यों की विशेष



ग्रामीणों के साथ बैठक करते शासी निकाय के सदस्य। ● द फोटोन न्यूज

आग्रह पर ग्रामीण कृष्णा महतो के सचिव बनने को स्वीकार कर लिया हैं। लेकिन इस शर्त पर की शासी निकाय के गठन से संबंधित झारखंड अधिविध परिषद् की नियमावली की जानकारी लेने के बाद महीने भर के भीतर शासी निकाय का गठन नए सिरे से किया जाएगा।

ग्रामीणों का आरोप है कि किसानों के द्वारा निर्मित इस विद्यालय में शासी निकाय की लापरवाही के कारण पठन-पाठन पूरी तरह से ठप है। विद्यालय को राजनीति का अड्डा बनाया गया है। इस संबंध में किसान पार्टी पिठोरिया के सचिव रितेश कुमार दीपक का कहना है कि किसानों द्वारा अपनी मांग को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में पीएलआई भी दायर कर सकते हैं। बैठक में गांव की मुखिया मुनी देवी, मधु साहू, मनोवर अंसारी, दिलेश्वर साहु, सुजीत केसरी, रंजीत साहू, सुमित केसरी, शंकर महतो, जगरनाथ मिश्रा, पत्रकार आकाश सोनी रतन गोप, कृष्णा साहू और रितेश कुमार दीपक उपस्थित थे।

# जनशक्ति से जलशक्ति के तहत बनई नदी पर श्रमदान से बनाये गये तीन बोरी बांध

**संवाददाता, खूंटी।**

जनशक्ति से जलशक्ति के तहत जिले में इन दिनों जिला प्रशासन, सेवा वेलफयर सोसायटी और ग्रामसभाओं के संयुक्त प्रयास से नदियों को बचाने का अभियान चल रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जल संचयन कर भूगर्भीय जलस्तर को बढ़ाना, गांव के लोगों को नदियों से जोड़कर नदियों के दोहन को रोकना और इस भीषण गर्मी में गांवों में कायम जल संकट को दूर करना है।

इस अभियान के तहत शुक्रवार को मुरहू प्रखंड की बम्हनी ग्रामसभा के डेढ़ सौ ग्रामीणों ने बनई नदी पर तीन स्थानों पर बोरीबांध का निर्माण किया। दरअसल, बनई नदी पर झारखंड का प्रसिद्ध पंचघाघ जलप्रपात है, जो कुछ दिनों पूर्व सूख चुका था। बाद में जामटोली से घघारी तक आठ बोरीबांध बनने के बाद नदी में जान आ गई और मुख्य झरना फिर से धीरे-धीरे ही सही, लेकिन बहने लगा है।

बम्हनी में बोरीबांध बनाने का प्रस्ताव ग्रामसभा ने पारित किया था। इस दौरान सीमेंट की डेढ़ हजार बोरियों में बालू भरने के बाद उसकी सिलाई कर ग्रामीणों ने बोरीबांध बनाया।

### बीडीओ ने ग्रामीणों के साथ किया श्रमदान

बोरीबांध निर्माण के क्रम में मुरहू के बीडीओ मिथिलेश कुमार सिंह भी पहुंचे और श्रमदान किया। बीडीओ ने कहा कि जल संचयन और नदी बचाने का यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा। श्रमदान करने वालों में सेवा वेलफेयर सोसायटी के सुशील सोय, बम्हनी ग्राम प्रधान बिरसा मुंडा, पाहन सोमा पाहन, जकरियस मुंडू, पौलुस मुंडू, पॉल मुंडू, विलियम डोडराय, ढ़ोढ़राय, सुशील कंडुलना, स्टीफन डोडराय, सरन बोदरा, जोसेफ बरजो, जुनास मुंडू, अजीत डोडराय, सुखराम मुंडू, फौदा पूर्ति, सेलाय डोड़राय, लुकाए पूर्ति, सुलेमान भेंगरा आदि शामिल थे।

### डीसी, एसपी, डीडीसी आदि भी करेंगे श्रमदान

अति नक्सल प्रभावित मुरहू और अड़की की सीमा पर बहने वाली तजना नदी पर ईचाडीह, दुरूडीह और खटंगा मौजा के विभिन्न टोलों के डेढ़ सौ से ज्यादा लोग चार बोरीबांध का निर्माण करेंगे। जल संचयन और नदी बचाने के लिए ग्रामीणों का उत्साहवर्धन करने के लिए जिले के डीसी शशि रंजन, एसपी अमन कुमार, डीडीसी नीतीश कुमार सिंह, एसडीएम अनिकेत सचान, बीडीओ मिथिलेश कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी ग्रामीणों के साथ बोरीबांध निर्माण में श्रमदान करेंगे।

## कलशयात्रा के साथ मां शीतला माता मंदिर का 20वां वार्षिकोत्सव शुरू

# पांच दिवसीय यज्ञ का किया गया आयोजन

**संवाददाता, रामगढ़।**

रांची रोड के रोबा कॉलोनी में स्थित मां शीतला माता मंदिर के 20वें वार्षिकोत्सव पर पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया। शुक्रवार को वार्षिकोत्सव के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर नई सराय होते हुए दामोदर तट पहुंची। यहां श्रद्धालुओं को बनारस से पहुंचे आचार्य अमरकांत दुबे ने यजमान संदीप सिंह सपत्नीक प्रीति सिंह, विनय शर्मा सपत्नीक पायल शर्मा, राजू गुप्ता सपत्नीक लीला गुप्ता, अखिलेश शुक्ला सपत्नीक पूजा शुक्ला, श्रवण कुमार सपत्नीक





कलश यात्रा में शामिल महिलाएं ● द फोटोन न्यूज

रेखा देवी सहित अन्य महिला श्रद्धालुओं को विधि विधान के साथ कलश में जल भरवाया। इसके बाद पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर कलश की स्थापना की गई।

कलश यात्रा में मुख्य रूप से विधायक सुनीता चौधरी भी शामिल हुईं। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति के माहौल में गूंजयमान होता रहा।

मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि मां शीतला माता की कृपा रामगढ़ वासियों पर बनी रहे। आज हमारा सनातन धर्म लोगों को एकजुटता और शांति का संदेश देता है। मां शीतला सबकी मनोकामना पूर्ण करें, यही मेरी प्रार्थना है। उन्होंने कहा कि शीतला माता मंदिर जनहित महिला कल्याण समिति लगातार 20 वर्ष से कार्य कर रही है। इस वर्ष हमें इस यज्ञ में शामिल होने का मौका मिला, जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इससे पहले विधायक के आगमन पर समिति की संरक्षक रामा शर्मा ने बुके और चुनरी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया।

# दरोगा ने झारखंड पुलिस को किया शर्मसार नक्सलियों तक पहुंचा रहा था खुफिया जानकारी

**संवाददाता, रांची।**

2018 बैच के एक दारोगा ने एक बार फिर झारखंड पुलिस को शर्मसार किया है। यह दारोगा खूंटी जिला बल का मनोज कच्छप है, जिसपर उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के 25 लाख के इनामी दिनेश गोप का सहयोगी होने की पुष्टि हो चुकी है। उसपर खूंटी पुलिस के हर अभियान की सूचना को उग्रवादियों तक पहुंचाने के आरोपों की पुष्टि हुई है। आरोपों की पुष्टि के बाद खूंटी के एसपी की अनुशंसा पर रांची रेंज के डीआईजी ने उसे बर्खास्त कर दिया है। एसपी ने विभागीय कार्रवाई के बाद अपनी अनुशंसा में लिखा था कि इस दारोगा का विभाग में बने रहना सुरक्षा के दृष्टिकोण से घातक है।

नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चल रहा है। झारखंड पुलिस पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को खोज रही है। ऐसी स्थिति में अभियान की सूचना नक्सलियों तक पहुंचने से अभियान में शामिल सुरक्षा बलों की जान खतरे में पड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता है। दारोगा मनोज कच्छप ने मयार्दा के प्रतिकूल आचरण किया है। उसने विभाग को धोखा दिया है। यह कर्तव्यहीनता, निष्ठाहीनता और आचरणहीनता है। पुलिस का विभाग अनुशासनिक विभाग है। इस पदाधिकारी के कृत्य से विभाग शर्मसार हुआ है। इसी अनुशंसा के बाद डीआईजी ने उसे बर्खास्त किया है।

## ब्रीफ न्यूज

### बेटे ने की मां की निर्मम हत्या, भेजा गया जेल

**कांके :** राजधानी के पिठोरिया थाना क्षेत्र के सिदी गांव में गुरुवार को एक हदय विदारक घटना घटी। पिठोरिया थाना से मिली जानकारी के अनुसार सिदी गांव के ही संजय उरांव (25) अपनी मां बुधनी देवी (55 ) को फावड़ा (कोड़ी) से मारकर हत्या कर दी। संजय के पड़ोसियों ने बताया कि बुधवार को संजय की दुर्घटना हो गई थी, जिसमें उसके हाथ और पैर में चोट आई थी। गुरुवार को उसकी मां अस्पताल ले जाकर अपने बेटे का इलाज करवाया। मां बेटे के इलाज के बाद घर लौटी। संजय अपनी मां से बोला कि अब तुम आराम करने के लिए सो जाओ। मैं भी आराम करने जा रहा हूं। मां के सोने के बाद संजय फावड़ा से मां की गर्दन, चेहरे, माथा और हाथ पर जबरदस्त वार कर दिया। घटनास्थल पर ही अत्यधिक रक्तस्राव के कारण बुधनी देवी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभय कुमार घटनास्थल पहुंचे और तत्काल संजय को हिरासत में ले लिया गया। वहीं उसकी मां के शव को कब्जे में लेकर अंतिम परीक्षण के लिए रिम्स भेजा गया। हत्या करने का कारण पूछने पर संजय ने बतलाया कि वह लव मैरिज शादी किया था। उसकी मां बहू को पसंद नहीं करती थी और अक्सर लड़ाई झगड़ा करती थी। इसी गुस्से में उसने इस घटना को अंजाम दिया। संजय को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### डीएवी नीरजा सहाय परिवार ने दी ईद की शुभकामनाएं

**रांची :** नीरजा सहाय डी.ए.वी कॉंके परिसर में ईद मुबारक की बहार रही। ई.ई.डी.पी संकाय के बच्चों ने मौके के अनुसार कपड़े पहने थे। इस अवसर पर भाषण, काव्यपाठ एवं नृत्य सरीखे कार्यक्रमों ने सभी को अभिभूत कर दिया। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय की शिक्षिका बबली रानी एवं श्वेता सुमन ने किया। विधालय कि प्राचार्या किरण यादव ने अपने संबोधन में ईद भाई-चारे का त्योहार है। उन्होंने अमन के मूल मंत्र के साथ इस पर्व को मनाने की अपील की। मौके पर विद्यार्थियों के अलावा शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

### गोला और रजरप्पा के संस्कार स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**रजरप्पा :** गोला तथा रजरप्पा के संस्कार स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल मे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमे भाषण प्रतियोगिता, कोलाज मेकिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं से बच्चों ने धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। बच्चो ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। स्कूल के छोटे तथा बड़े बच्चों द्वारा पृथ्वी दिवस मनाने के कारण को बताया गया। स्कूल के निर्देशक रितेश केशरी ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। स्कूल के शिक्षिकाओं ने बताया कि 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है।

### कोर्ट परिसर के समीप मॉडल दुकान का विधायक ने किया शिलान्यास

**रामगढ़ :** नगर परिषद रामगढ़ के द्वारा प्राक्कलित राशि लगभग 91 लाख की मद से व्यवहार न्यायालय परिसर के समीप मॉडल दुकान का शिलान्यास बतौर मुख्य अतिथि रामगढ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया गया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि कोर्ट परिसर में लोग ठेला लगाकर दुकान चला रहे है जिससे उन्हें कई तरह के दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उन्हें किसी तरह की समस्या न इस उद्देश्य से परिसर में मॉडल दुकान बनाया जाएगा जिससे दुकानदारों को काफी मदद मिलेगी। मौके पर वार्ड पार्षद शिला देवी, चितु महतो, देवधारी महतो, रोशन कुमार, आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो, भोला महतो, ललन सिंह, शंभू बेदिया, नसरुद्दीन अंसारी, सुरेंद्र राम, सुजीत राम, गिरीशंकर महतो, सुरेंद्र साव आदि यनय लोग उपस्थित थे।

### एनडीआरएफ टीम ने खदान से निकाला युवक का शव

**हजारीबाग :** पदमा के चमेली खदान से 27 घंटे की अथक मेहनत के बाद एनडीआरफ की टीम ने शुक्रवार को खदान में डूबे युवक प्रिंस कुमार (17) के शव को ढूंढ निकाला है। यह युवक गुरुवार को खदान में नहाने के दौरान डूब गया था। दरअसल, गुरुवार को लगभग ग्यारह बजे इचाक व पदमा थाना क्षेत्र स्थित चमेली झरना घूमने आये भुसाई इचाक निवासी प्रिंस पुत्र संजय मेहता अपने दोस्तों के यहां खदान में नहाने उतरे थे। नहाने के दौरान प्रिंस कुमार पानी में डूबने लगा। प्रिंस को बचाने के लिए इसके अन्य साथियों ने काफी कोशिश की लेकिन प्रिंस गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने इसकी सूचना परिजनों और पुलिस के साथ गोताखोरों को दी गई। देर शाम तक डूबे युवक को खोजने में काफी मशकत्त के बाद भी सफलता नहीं मिल पाई। शुक्रवार को फिर अहले सुबह करीब पांच बजे से एनडीआरएफ की टीम ने शव को खोजने का अभियान शुरू किया है। एनडीआरएफ के जवानों ने शव को पानी से निकाल लिया। शव बाहर आते ही परिजनों की करुण चीत्कार से पूरा घटनास्थल गूंज उठा। पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

### समाजसेवी ने 131 शिवभक्तों को बांटे वस्त्र व फल

**खूंटी :** भगवान भोलनाथ की तीन दिवसीय कष्टसाध्य आराधना का पर्व शुक्रवार से शुरू हो गया है। शुक्रवार को खूंटी के प्रसिद्ध समाजसेवी और खूंटी के वार्ड पार्षद के परिवार वालों ने शुक्रवार को 131 भगतियों को वस्त्र व फल आदि का वितरण किया है। भोक्ता या भगतिया कहलाने वाले भोलेनाथ के भक्तों ने तीन दिन के लिए अपना घर-परिवार त्याग कर ऐतिहासिक बुढ़वा महादेव मंडा परिसर में शरण ले ली है। अक्षय तृतीया के दिन 23 अप्रैल को इस महापर्व का समापन झूलन अनुष्ठान के साथ होगा। इस मौके पर वार्ड पार्षद अनूप साहू ने कहा कि पिछले कई वर्ष से उनका परिवार शिव भक्तों को वस्त्र और फलों का वितरण करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि यह परंपरा 50 -60 वर्षों से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को खूंटी के ऐतिहासिक मंडा पर्व को सफल बनाने में योगदान देना चाहिए। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, भाजपा नेता कृष्णानंद तिवारी, प्रदीप ठाकुर के अलावा अनूप साहू के परिवार के सदस्य मौजूद थे।

### आईडीबीआई बैंक ने राप्रावि को दिये दो पंखे



स्कूल प्रबंधन को पंखा सौंपते बैंककर्मी। ● द फोटोन न्यूज

**भुरकुंडा :** ओपी क्षेत्र के चैनगडा ऊपर टोला स्थित राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय को आईडीबीआाई बैंक ने शुक्रवार दो पंखा सौंपा है। इस दौरान शाखा प्रबंधक अनिल कुमार ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों के सहुलियत के लिए पंखा दिया गया है ताकि पठन-पाठन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि आगे भी बच्चों की पढ़ाई व सुविधा के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। मौके पर प्रधानाध्यापक सुनील राम, शिक्षक हेमनाथ सिंह भोक्ता, सुमित्रा मांझी, इलीशब्बा लकड़ा, बिटू कुमार, आशिष करमाली, आजाद अंसारी, उमेश बेदिया, झलकु बेदिया मौजूद थे।

# राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्रों को दिया गया पाठ्य सामग्री

**औरंगाबाद।** रमेश प्रसाद सिंह मेमोरियल ट्रस्ट औरंगाबाद बहुआरा की ओर से शराहनीय कदम उठाते हुऐ ग्राम बहुआरा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सभी छात्रों को स्कूल बैग, पेन, पेंसिल तथा कॉपी दे कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि तथा सौजन्य इशू शर्मा, मनोज शर्मा के तरफ से किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन सचिव प्रमोद कुमार सिंह, अरुण सिंह, अजय कुमार गुप्ता, जीला विविध संघ के अध्यक्ष रशिक विहारी सिंह के साथ ही बहुआरा के सभी तमाम लोग नागेश्वर सिंह, नागेश सिंह, अजय सिंह, सुरेंद्र सिंह वार्ड, सूर्यदेव सिंह यादव, अनुज साव, महेंद्र ठाकुर, शिवपुजन ठाकुर, जगदीश साव, विनोद साव,




रामावतार सिंह स्कूल प्रिंसपल अलोक सर, मोहन पाण्डेय सर, प्रवेज सर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रोत्साहित करना शिक्षा के प्रति उत्तेजित करना था। कार्यक्रम का नाम इसीलिए ग्रामीण छात्र जागरूकता कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि इशू शर्मा ने अपने सम्बोधन मे कहा की आप सभी अभिभावक अपने बच्चियों को बिशेष रूप से ध्यान दे और पढाये प्रतिदिन स्कूल भेजे एवम बठाई के हर सुविधा प्रदान करें उन्होंने अस्वस्थ किया की जो बच्चे पढ़ाई मे अच्छे है और आर्थिक रूप से कमजोर है उनको ट्रस्ट के तरफ से आर्थिक मदद किया जायेगा परन्तु रिजल्ट देना होगा। लड़कियों को विशेष रूप से अपना उदाहरण देते हुऐ कहा की मै भी एक लड़की हु और मै जब सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन के यूरोप तक पढ़ाई के बल पर जा सकती हु तो बाकी लड़किया क्यूँ नहीं जा सकती। अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन ने अपने सम्बोधन मे कहा की इसी बहुआरा (बारून) की धरती से निकलकर श्री रमेश बाबू दिल्ली के सांसद भवन पहुचे और बहुआरा (बारून ) का नाम रौशन किये। सचिव प्रमोद सिंह ने बताया कार्यक्रम की मुख्य उदेश्य बच्चों एवम अभिभावकों मे बच्चों के पढ़ाई के प्रति जागरूकता लाना है। अभिभावक भी विद्यालय आकर पढ़ाई की गुणवता को देखे साथ ही प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजे होमवर्क देखे।

# अमेरिका के छात्रसंघ चुनाव में जीता बिहारी

अमेरिका के बाबसन कॉलेज में हाल ही में हुए चुनावों में दो भारतीय छात्रों ने बाजी मारी है। दोनों को स्नातक और स्नातक छात्र सरकार के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। इसमें बिहार के 26 वर्षीय बसु सिंह ने बाबसन की स्नातक छात्र सरकार के अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। बिहार के बच्चे आए दिन हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहें हैं। वहीं, बिजनेस और इकोनॉमिक्स में स्नातक की 20 वर्षीय छात्रा खुशी चिंदालिया को स्नातक छात्र सरकार का अध्यक्ष चुना गया है। संस्थान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि दो भारतीयों ने छात्र संघ चुनाव में जीत दर्ज की है। बसु सिंह पटना के रहने वाले हैं। इनकी उम्र 26 वर्ष है। वर्तमान में सोशल इनोवेशन स्कॉलर के रूप में बाबसन कॉलेज से एमबीए कर रहे हैं। वह विश्व स्तर पर उन तीन छात्रों में से एक हैं, जिन्हें असाधारण व्यक्तियों को दी जाने वाली प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति मिली है। जो अपने समुदाय में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रेसिडेंट पद पर जीत दर्ज करने के बाद बसु सिंह ने कहा कि मैं सभी छात्रों के लिए एक स्वागत योग्य और समावेशी समुदाय बनाने के लिए अपने सहयोगियों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं अमेरिका के नंबर 1 कॉलेज फॉर एंटरप्रेन्योरशिप में अध्ययन करने की कभी कल्पना भी नहीं कर सकता था। अध्यक्ष चुने जाने को तो छोड़ ही दीजिए

# समस्तीपुर में बोलेरो समेत दस लाख की संपत्ति राख



**समस्तीपुर** जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पेट्रोल पंप के पास एक गैरेज में अचानक आग लग गई। जिससे एक बोलेरो समेत करीब 10 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना गुरुवार देर शाम की बताई गई है। आग बिजली की शार्ट सर्किट से लग गई। जिसमें एक बोलेरो सहित 10 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना के संबंध में बताया गया है कि विभूतिपुर प्रखंड के कल्याणपुर उत्तर पंचायत के पेट्रोल पंप के पास बने नन्हें मियां नामक एक गैरेज था। जिसमें देर शाम शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। बताया गया कि गैरेज के पास से ही 11000 वोल्ट का तार गुजरा है। अचानक तार टूटकर गैरेज पर गिर पड़ा। जिस कारण उठी बिजली की चिंगारी से गैराज में आग पकड़ लिया। जब तक लोग समझ पाते तब तक आग भयावह रूप धारण कर लिया था। गैरेज धू-धू कर जलने लगा। इसकी जानकारी ग्रामीण एवं अग्निशामक दस्ता को दी गई। अग्निशामक दस्ता मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। तब तक ठीक करने के लिए रखा गया एक बोलेरो गाड़ी, गैरेज में रखे सामान, जनरेटर, और हवा भरने वाला टैंकर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। सीओ अशोक कुमार यादव ने बताया है की हल्का कर्मचारी को जानकारी दिया गया हैं। रिपोर्ट आने पर इस मामले में आगे की प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।


# जमुई में हिरण का बच्चा भटक कर पहुंचा गांव

**जमुई** जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के भीमबांध के जंगली इलाके से भटक कर एक हिरण का बच्चा लक्ष्मीपुर गांव पानी की खोज में पहुंच गया। जहां ग्रामीणों ने हिरण के बच्चे को पकड़ कर गुरुवार देर शाम लक्ष्मीपुर थाना अध्यक्ष राजवर्धन कुमार और पुलिस बल को सौंप दिया। लक्ष्मीपुर पुलिस ने उसे वन विभाग को सुपुर्द कर दिया। मलयपुर वन विभाग रेंज के रेंजर चरित्र चौधरी ने बताया कि एक हिरण का बच्चा पानी की खोज में भटक कर गांव की तरफ आ गया था। जिसकी उम्र लगभग 5 से 6 महीने के करीब होगी। उन्होंने बताया कि हिरण का बच्चा काफी डरा हुआ था। जिसका प्राथमिक उपचार वनरक्षी दीपक कुमार, मुन्ना कुमार यादव और अक्षय कुमार के द्वारा किया गया और उसे दूध और पानी पिलाकर रात भर लक्ष्मीपुर फॉरेस्ट ऑफिस में रखा गया। उन्होंने बताया कि हिरण का बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। तपती और भीषण गर्मी होने के कारण पानी की खोज में भटक



कर वह गांव की ओर आ गया था। ग्रामीणों के अनुसार हिरण प्यास से तड़प रहा था। पानी के लिए इधर उधर भटकते देख गांव के युवाओं ने उसे किसी तरह पकड़ कर पानी पिलाया। पानी पीने के बाद हिरण का बच्चा शांत हुआ। इसके बाद इसकी जानकारी लक्ष्मीपुर पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम उक्त गांव में पहुंची और फिर हिरण को साथ ले गई। विदित हो कि भीषण गर्मी आते ही लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। जलस्तर नीचे चले जाने से जहां कई गांव में पेयजल की संकट देखने को मिलता है वहीं पशु-पक्षी तपती गर्मी से बेहाल है। जंगली इलाकों में तालाब, कुंआ एवं अन्य जलाशय सुख जाने के कारण जंगली जानवर पानी की तलाश में भटकते हुए ग्रामीण इलाकों में पहुंच जाते है।

# मुजफ्फरपुर में विरोध करने पर रेप और हत्या की धमकी



मुजफ्फरपुर में एक छात्रा की फोटो पर अश्लील गाना लगाकर उसे वायरल कर दिया गया। जब छात्रा ने इसका विरोध किया तो उसे उठा लेने और रेपकर जान से मारने की धमकी दी गई। मामला जिले के बोचहां थाना क्षेत्र के एक गांव का है। लड़की की उम्र 19 साल है। उसे गांव का ही 17 साल का लड़का परेशान कर रहा था। युवती ने मामले को लेकर बोचहां थाना में एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। आवेदन में पीड़िता ने बताया कि गांव का ही एक लड़का उसकी तस्वीर पर अश्लील गाने लगाकर वीडियो बनाकर वायरल कर रहा है। उसने युवती की फोटो भी सोशल साइट से डाउनलोड की है। फिर उसे अश्लील गाने के साथ वायरल करने के लिए अपलोड कर दी। आरोपी पहले भी इस तरह की हरकत कर चुका है। इससे पीड़िता परेशान हो चुकी है। मना करने पर आरोपी लड़के ने रेप कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।घटना को लेकर पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह इंटर की छात्रा है। आरोपी किशोर 9वीं क्लास का छात्र है।

मुजफ्फरपुर में एक युवक हॉस्पिटल संचालक को ब्लैकमेल कर रहा है। युवक पहले उनके अस्पताल में बतौर स्टाफ काम करता था। 3 साल पहले संचालक ने अपनी पत्नी का खराब मोबाइल उसे बनवाने के लिए दिया था। उस दौरान उसने फोन से प्राइवेट फोटो निकाल लिए। इसके बाद उसने ब्लैकमेलिंग कर 5 लाख रुपए लिए। अब उसकी पत्नी 10 लाख रुपए की डिमांड कर रही है। पैसे नहीं देने पर प्राइवेट फोटो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दे रही है।

# बिहार में कोरोना के एक्टिव केस 700 के पार



**बिहार** में लगातार कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ रही है। गुरुवार को 139 नए कोरोना पॉजिटिव मिले। जिसके बाद राज्य में कोरोना एक्टिव मरीजों की संख्या 700 के पार हो गई है। इनमें 25 कोरोना संक्रमित मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, जिनका इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 53 हजार कोरोना जांच की गई है। इसमें सिर्फ 139 संक्रमित पाए गए। इनमें पटना के 57, सहरसा के 14 और भागलपुर के 11 केस शामिल हैं। राज्य में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 731 हो गई हैं, जिसमें पटना के 353 मरीज हैं। इसके साथ ही मुंगेर में 48, पूर्णिया 41, मुजफ्फरपुर 32, खगड़िया 24, सहरसा 24, भागलपुर में 36 एक्टिव मरीज हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि शहरी इलाकों में कोरोना के अधिक केस मिल रहे हैं। लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिना मास्क पहने घर से बाहर नहीं निकले। लक्षण दिखे तो तुरंत कोरोना जांच कराए। वैक्सीन लेने वाले लोग भी सावधान रहें। बिहार सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन करें

# पैसे मांगने पर नोजलकर्मी को पीटा




भोजपुर में एक पेट्रोल पंप पर गुरुवार देर शाम ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। पेट्रोल भराने के बाद पैसा नहीं देने पर यह विवाद हुआ। इस दौरान हथियारबंद अपराधियों ने नोजल कर्मी की जमकर पिटाई भी की। घटना जिले के नवादा थाना के न्यू बहिरो सहयोगी नगर स्थित पेट्रोल पंप पर घटी। फायरिंग के दौरान टाइल्स मार्बल की दुकान में लगा शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच और छानबीन में जुट गई है। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार जख्मी नोजल कर्मी चांदी थाना क्षेत्र के जहनपुर गांव निवासी कृष्णा कुमार सिंह का पुत्र 44 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार यादव है। इधर टाइल्स मार्बल के दुकानदार विशाल कुमार ने बताया कि एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद अपराधी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने आए। इसके बाद उन्होंने पेट्रोल पंप पर मौजूद नोजल कर्मी से 60 रुपये का पेट्रोल अपने बाइक में भरवाया और बिना पैसा दिए जाने लगे। जब नोजल कर्मी ने उनसे पैसा मांगा तो वह लोग उसे पीटने लगे। मारपीट के बाद बदमाशों द्वारा बाइक की टंकी फूल कराने की जिद्द में नोजल कर्मी को दौड़ाकर पिटना शुरू कर दिया । अपनी जान बचाने को लेकर वह भागकर पेट्रोल पंप के कार्यालय में घुस गया। इसके बाद भी अपराधी नहीं माने और उसे कार्यालय से बाहर खींचकर उसकी जमकर पिटाई करने लगे।

# मोतिहारी के कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस लीक

**मोतिहारी** में एक बार फिर बड़ा हादसा होने से टल गया। गुरुवार को कोल्ड स्टोर में अमोनिया पाइप का गैस कीट फट गया, जिसके कारण आसपास के 5 हजार से अधिक लोग प्रभावित हो गए। कई लोग बीमार पड़ गए हैं, जिन्हें सास लेने में तकलीफ हो रही। घटना की सूचना मिलते ही सीओ, छ्तौनी थानाध्यक्ष और मुफ्फसिल थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। फिलहाल सभी का इलाज करवाकर उन्हें घर वापस भेज दिया गया है। छतौनी थाना के बड़ीयारपुर एनएच किनारे आरबी कोल्ड स्टोरेज में देर शाम अचानक जोड़ की आवाज हुई। आवाज सुनकर वहा काम करने वाले मजदूर भाग गए। आवाज के साथ तेज गैस का रिसाव होने लगा। गैस से वहां मौजूद लोगों के आंखों में जलन और सास लेने में तकलीफ होने लगी। कोल्ड स्टोरेज के आसपास घनी आबादी है। सभी को सांस लेने में परेशानी होने लगी। सभी घर छोड़कर खुले मैदान में भागने लगे। मोहल्ले के लोग कुछ समझ नहीं पा रहे थे। कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि कोल्ड स्टोर में अमोनिया का पाइप लीक हो गया है। कोल्ड स्टोर का मैनेजर मुन्ना आलम और विद्या यादव ने हिम्मत दिखा कर अंदर आज जाकर उस पाइप को बंद किया। तब जा कर प्रशासन और मोहल्ले के लोगों ने राहत की सास ली। जहरीली गैस रिसाव होने के बाद जिस तरह से मोहल्ले के लोग परेशान हुए है। अगर समय रहते काबू नहीं पाया गया

# मुंडन से पहले बेटे पिता-मामा की मौत

**रोहतास** के नोखा से यूपी के विंध्याचल जा रहा एक परिवार दर्दनाक कार हादसे का शिकार हो गया है। हादसे में पिता-बेटे समेत 3 लोगों की मौत हो गई है। 4 महिलाएं घायल हैं। सभी को गंभीर हालत में इलाज के लिए वाराणसी भेजा गया है। मरनेवालों की पहचान विसंभरपुर गांव के 32 साल के राजकिशोर चौधरी, उनके 5 साल के बेटे आरूष चौधरी और 22 साल के शैलेश कुमार के तौर पर हुई है। घायलों में श्रद्धा देवी (40), खुशबु कुमारी (19), राधिका देवी (65) और रुचि चौधरी (16) को गंभीर चोटें आई हैं। शैलेश कुमार राजकिशोर चौधरी के साले हैं। सभी महिलाएं भी राजकिशोर चौधरी के परिवार की हैं। ,जानकारी के अनुसार सभी लोग आरूष चौधरी के मुंडन के लिए




विंध्याचल जा रहे थे। उनकी कार चंदौली के पास जीटी रोड फोरलेन पर ट्रक से भिड़ गई। घटना आज सुबह 6 बजे के करीब की है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद विसंभरपुर गांव में सन्नाटा पसर गया है। बाकी परिजन आनन-फानन में मौके के लिए रवाना हो गए हैं। बताते हैं कि परिवार पांच साल के बेटे के मुंडन संस्कार के लिए अहले सुबह विंध्याचल के लिए रवाना हुआ था। इस क्रम में कार चंदौली सदर कोतवाली क्षेत्र के झांसी गांव के समीप नेशनल हाईवे-2 पर पहुंची तो अनियंत्रित होकर एक ट्रक में पीछे से घुस गई। ड्राइवर दीपक पटेल ने चंदौली पुलिस को बताया है कि गाड़ी चलाते समय उसे झपकी आ गई थी। इसलिए यह हादसा हो गया। कार में उसके अलावा सात लोग सवार थे। सड़क के किनारे ट्रक खड़ी थी, उसी में पीछे से कार घुस गई। दीपक पटेल ड्राइविंग सीट पर था। एयर बैग खुलने की वजह से वह बच गया और बाहर गिर गया। उसे थोड़ी चोट आई है। जानकारी मिलने पर पहुंची चंदौली पुलिस ने गैस कटर से काटकर कार में फंसे शवों को निकाला है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। राजकिशोर चौधरी किसान हैं। उनकी पत्नी पुलिस में हैं और उत्तर बिहार में पोस्टिंग है। छुट्टी नहीं मिलने के कारण वे अपने बेटे के मुंडन के लिए विंध्याचल नहीं जा सकी थीं। हादसे में राजकिशोर चौधरी की मां राधिका देवी, बहन श्रद्धा देवी, साली खुशबू कुमारी एवं भांजी रूची चौधरी गंभीर रूप से घायल हैं। सभी को इलाज के लिए बनारस के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# चंदौली में दर्दनाक हादसा 3 की मौत

**चंदौली** में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है। यहां एक बेकाबू तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी ट्रक में घुस गई। जिससे कार सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि 4 गंभीर रूप घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि बिहार का रहने वाला परिवार बेटे का मुंडन करवाने विंध्याचल जा रहा था। मृतकों में बाप-बेटे शामिल हैं। घटना शुक्रवार सुबह 6 बजे के करीब की है। हादसा सदर कोतवाली क्षेत्र के झांसी गांव के समीप नेशनल हाईवे-2 पर हुआ। मौके पर पहुंची ठल्क और पुलिस टीम ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। कार में फंसे शवों को निकाल कर पोस्टमॉर्टम हाउस भेजा गया है। बिहार के रोहतास जिले के राज किशोर चौधरी अपने बेटे आरुष चौधरी का मुंडन कराने विंध्याचल जा रहे थे। राज किशोर चौधरी पेशे से किसान थे। उनकी पत्नी बिहार पुलिस में सिपाही हैं। छुट्टी न मिलने के चलते वो मुंडन के लिए विंध्याचल नहीं जा सकी थीं। कार को दीपक पटेल चला रहे थे। हादसा इतना जोरदार था कि कार सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने कार को गैस कटर से काटकर शवों को बाहर निकाला।

# प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किये गए उदय कुमार तिवारी

**औरंगाबाद।** 2 अप्रैल से 19 अप्रैल तक पंजाब के पटियाला में चला कुश्ती प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण जो भारत सरकार का प्रशिक्षण संस्थान एनआई एस भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा पूरे भारत से आए हुए कुश्ती कोच प्रशिक्षक को वरी य अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया इस प्रशिक्षण बैच में कुल 35 महिला एवं पुरुष प्रशिक्षक छात्र थे। जिसमें बिहार के औरंगाबाद जिले से औरंगाबाद जिला कुश्ती संघ सचिव उदय कुमार तिवारी का भी नाम सम्मिलित किया गया था। आखरी दिन प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और जिला के लिए प्रदेश के लिए और कुश्ती के क्षेत्र में पूरे भारत के लिए एक अच्छा प्रशिक्षित की भूमिका में काम करने की शुभकामनाएं दी गई। यह पहली बार जिला के लिए कुश्ती के क्षेत्र में एन आई एस की उपलब्धि उदय तिवारी को प्राप्त हुआ है। अब तक किसी को यह उपलब्धि नहीं प्राप्त हुई थी जैसा कि तिवारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अब कुश्ती के क्षेत्र में और मजबूती से निष्ठा पूर्वक लगन और कड़ी मेहनत से जिले का नाम तथा बिहार का नाम अच्छा खिलाड़ी तैयार करके रोशन करने का काम किया जाएगा। खिलाड़ियों के सहयोग से अच्छा खिलाड़ी तैयार करने का काम किया जाएगा। जिला के सभी खेल प्रेमी तथा पूरे बिहार प्रदेश के खेल प्रेमियों ने भी तिवारी को शुभकामनाएं दी है। बधाई दी है जिले के खिलाड़ियों में भी हर्ष है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण महानिदेशक रविंद्र ने भी खुशी जाहिर की है और बधाई दिया। बिहार कुश्ती संघ महासचिव विनय कुमार सिंह तथा कुश्ती संघ अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह ने भी फोन के माध्यम से शुभकामनाएं दी है। जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष गौरव राणा विनोद कुमार सिंह, सौरभ सिन्हा, राकेश पांडेय, रवि शंकर कुमार, विवेक कुमार, ऋचा कुमारी, कान्हा सिंह, मुख्य संरक्षक कुश्ती संघ डॉ धर्मेंद्र कुमार, संरक्षक एल आई सी डी ओ संजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष प्रमोद भगत इन सभी ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# सीएम ने किया वैभारगिरि पर्वत का हवाई सर्वेक्षण

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वैभारगिरि पर्वत (राजगीर) के ऊपर का कुछ हिस्सा केंद्र सरकार के अधीन है। आजकल केंद्र द्वारा कहीं कुछ नहीं किया जा रहा है। इस हिस्से को भी हमें ही सुरक्षित रखना है। इसके लिए तत्काल जो भी जरूरतें हैं, वह पूरी की जाए। मुख्यमंत्री गुरुवार को वैभारगिरि पर्वत के कुछ हिस्सों में हुई अगलगी का हवाई सर्वे करने के बाद अफसरों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा-मैंने यहां ऐसी अगलगी के बारे में पहले कभी नहीं सुना था। मुझे काफी तकलीफ हुई है। राजगीर, दुनिया का पौराणिक स्थल है। यहां विकास के अनेक कार्य कराए गए हैं। ऐसी घटनाओं से सबकुछ बर्बाद हो जाएगा। 2009 में यहां सात दिन तक रहकर मैंने एक-एक चीज को देखा था। फिर यहां के पर्वतीय क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए जरूरी काम किए गए। पर्वतों पर हेलीकॉप्टर से बीज का छिड़काव हुआ। पहले ऊपर से एकदम सूखा दिखता था।

# राहुल को राहत नहीं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत के सत्र न्यायालय से कोई राहत न मिलना जहां आश्चर्य की बात नहीं, वहीं कांग्रेस के लिए चिंता की बात है। कांग्रेस को मानहानि के ऐसे बड़े मामले में उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय से ही उम्मीद रखनी चाहिए। बहरहाल, सत्र न्यायालय ने राहत देने की राहुल गांधी की अपील को खारिज कर दिया है, तो इसके विधि संबंधी निहितार्थ कम और राजनीतिक निहितार्थ ज्यादा निकाले जा रहे हैं। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर राजनीति तेज रहेगी। यह मामला अब कांग्रेस की एक दुखती रग बन गया है, क्योंकि उसके नेता की न केवल लोकसभा सदस्यता गई है, साथ ही, वह आगामी चुनाव भी नहीं लड़ पाएंगे। कांग्रेस हर मुमकिन कोशिश करेगी कि राहुल गांधी को इस मामले से बरी किया जाए, लेकिन क्या कांग्रेस इस मुकदमे को पूरी मुस्तैदी से लड़ने के लिए तैयार है? क्या कांग्रेस इसे अपराध से जुड़ा मामला मानने के बजाय राजनीति से जुड़ा विवाद बना पाएगी? जो सियासी लड़ाई चुनावी मैदान से शुरू हुई थी, क्या उसका अंजाम भी सियासत में ही खोजा जाएगा? इस मामले के ईदगिर्द ऐसे कई सियासी सवाल हैं, जो चर्चा में बने रहेंगे। तय है, आपराधिक मानहानि के इस मामले के प्रति कांग्रेस की गंभीरता दिनोंदिन बढ़ती जाएगी। कांग्रेस नेता ने निचली अदालत के 23 मार्च के आदेश पर रोक लगाने और उसके निलंबन की मांग रखी थी। राहत की थोड़ी सी उम्मीद तो थी, क्योंकि 3 अप्रैल को सत्र न्यायालय ने राहुल गांधी को जमानत दे दी थी, लेकिन गुरुवार को सत्र न्यायालय का रुख कड़ा नजर आया। अदालत ने फिर इशारा कर दिया कि नेताओं को संभलकर बोलना चाहिए। अगर आज अदालत राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा देती या निलंबित कर देती, तो कांग्रेस नेता की लोकसभा सदस्यता को बहाल किया जा सकता था। साल 2019 का यह मानहानि मामला पूरी कांग्रेस को परेशान करने वाला है, भाजपा इस मसले पर सियासी बढ़त लेने में कतई पीछे नहीं रहेगी। अतः बेहतर यही है कि राहुल गांधी इस विवाद से बाहर आएं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बिल्कुल सही कहा है कि पार्टी कानून के तहत उपलब्ध तमाम विकल्पों पर गौर करेगी। साथ ही, यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि कांग्रेस के पास अनेक कुशल वकीलों की फौज है और उनकी परीक्षा का समय आ गया है। इस मामले में शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी की भी अपनी दलील है कि राहुल गांधी बार-बार ऐसे अपराध करते हैं और उन्होंने ह्यमोदी चोरह्व संबंधी अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगने से भी इनकार कर दिया है। यह बात सही है, निचली अदालत में ही अगर कांग्रेस नेता माफी मांग लेते, तो उनकी सदस्यता पर आंच नहीं आती और न उन पर चुनाव न लड़ पाने का खतरा मंडराता। यहां उनके अनेक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को यह भी लगता है कि राहुल जान-बूझकर सियासी फायदे के लिए माफी मांगने से बच रहे हैं और खुद को दोषी के बजाय पीड़ित बताने की कोशिश कर रहे हैं। राजनीति में पीड़ित दिखने या होने के अपने फायदे हैं, लेकिन क्या इसके व्यापक नुकसान से कांग्रेस पार्टी बच पाएगी?

# आबादी में अव्वल

फिर एक रिपोर्ट ने बता दिया है कि आबादी के मामले में भारत अब चीन से आगे निकल गया है। संयुक्त राष्ट्र की द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट, 2023 आई है, जिसका शीर्षक एट बिलियन लाइव्स, इनफिनिट पॉसिबिलिटीज : द केस फॉर राइट्स ऐंड चॉइस है। बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की जनसंख्या 1 अरब, 42 करोड़, 86 लाख होने का अनुमान है, जबकि चीन की जनसंख्या 1 अरब, 42 करोड़, 57 लाख है। मतलब आबादी में भारत अब चीन से 29 लाख आगे निकल गया है। यह संकेत बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में इस बार जनगणना नहीं हुई है, पर जनसंख्या के इस अनुमान को किसी पक्ष ने ठोस चुनौती नहीं दी है। संयुक्त राष्ट्र ने 1950 से जनसंख्या के आंकड़े एकत्र करना शुरू किया था और उसके बाद भारत पहली बार दुनिया में आबादी के मामले में सबसे आगे निकल गया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के अनुसार, चीन की आबादी पिछले साल ही अपने चरम पर पहुंचकर गिरने लगी है। वहां गिरावट का क्रम आने वाले वर्षों में जारी रहेगा। गौर करने की बात है कि अभी भारत की जनसंख्या वृद्धि दर बढ़ रही है, जबकि चीन की वृद्धि दर साल 1980 से घटती चली जा रही है। हालांकि, भारत अभी युवा बहुल देश है, जबकि चीन में बूढ़ों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वहां 20 करोड़ से ज्यादा लोगों की आयु 65 वर्ष से अधिक है, भारत में अभी इस वय के महज सात प्रतिशत लोग हैं। वैसे चीन में लोगों का जीवन भारत की तुलना में लंबा है। चीन में महिलाओं की जीवन प्रत्याशा 82 है, जबकि भारत में 74 है। चीन में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 76 वर्ष है, जबकि भारत में 71 है। यह बिल्कुल संभव है कि अपने यहां जीवन-स्तर को सुधारकर चीन ने अपनी आबादी को नियंत्रित किया है। आबादी पर नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का विकास सबसे जरूरी है और भारत को भी इस दिशा में अपने प्रयास तेज करने चाहिए। वैसे चीन में आबादी नियंत्रण का काम बहुत कड़ाई के साथ किया गया है, जबकि भारत में उदारता भी ज्यादा आबादी की एक बड़ी वजह है। चीन ने काफी पहले एक संतान की नीति को लागू कर दिया था, जबकि भारत अभी भी दो संतान की नीति को ही बढ़ा रहा है। लोकतंत्र में आबादी को कड़ाई से नियंत्रित करने में अपनी समस्याएं हैं, स्वतः स्फूर्त नियंत्रण की उम्मीद करना और जागरूकता के लिए पहल करते रहना भारत की मजबूरी है।

# धरती की रक्षा वैश्विक दायित्व है

**विश्लेषण**



गिरीश्वर मिश्र

बकौल विश्व स्वास्थ्य संगठन विश्व की 91 प्रतिशत जनसंख्या ऐसी जगहों पर रहती है जहां की वायु खतरनाक स्तर पर प्रदूषित है। प्रदूषित वायु में सांस लेने का मस्तिष्क पर प्रभाव, विशेषकर स्मरण करने की क्षमता, पर पाया गया है। पी एम 2.5 नामक प्रदूषण कण खास तौर पर इस तरह के प्रभाव के लिए उत्तरदायी पाया गया है। दिल्ली में यह 160 से ऊपर भी दर्ज है जब कि इसे 60 से नीचे होना चाहिए। पी एम 2.5 के कण सांस द्वारा फेफड़े में और फिर आगे चल कर खून में पहुचते हैं और हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि को बाधा रहे हैं। रासायनिक कण, कीटनाशक और वायु में व्याप्त अनेक किस्म के धातु कण और टेफलान के चलते शरीर में हारमोन-संतुलन बिगड़ रहा और शरीर की रोगप्रतिरोधी क्षमता में घाट रही है। राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन से कुछ सुधार हुआ है। शौचालय बने हैं और खुले में मल विसर्जन पर कुछ नियंत्रण हुआ है पर स्थिति गंभीर बनी हुई है। स्मार्ट सिटी की योजनाओं पर काफी काम बाकी है।

आज पर्यावरण का क्षरण और प्रदूषण तेजी से विकराल हो रहा है और विश्व के सभी देश विकट चुनौती से जूझ रहे हैं। भारत ने पर्यावरण और पर्यावरण की नैतिकता, प्रकृति के स्वरूप और महत्व को गहराई से अंगीकार किया था। यहां समस्त जगत में ईश्वर की उपस्थिति की अनुभूति की जाती रही है : ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित जगत्यां जगत। फलतः प्रत्येक वस्तु पवित्र और धरती को माता कहा गया। प्रातःकाल उठ कर बिस्तर से उतार कर धरती पर पैर रखने के पहले पृथ्वी को प्रणाम करने और पैर रखने की विवशता के लिए क्षमा मांगते हुए यह कहने का विधान है ;

***समुद्र वसने देवि पर्वतस्तनमंडिते।***
***विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्श क्षमस्व में।।***

अर्थात समुदरूपी वस्त्रोंको धारण करनेवाली, पर्वतरूपस्तनों से मंडित भगवान विष्णुकी पत्नी पृथ्वी देवि! आप मेरे पाद-स्पर्श को क्षमा करें। उपर्युक्त भावना हिन्दू , बौद्ध और जैन सभी भारतीय धर्मों में मिलती है। पर्यावरण का महत्व और पारस्थितिक संतुलन और समन्वय के विचार वैदिक काल से ही प्राप्त होते हैं। मनुष्य और प्रकृति के सम्बन्ध बेहद महत्वपूर्ण हैं। अथर्ववेद भूमि को माता कहा गया : माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्या :। नदियों, वृक्षों, पर्वतों, पशु-पक्षियों, वनों, लताओं सब की रक्षा को महत्व दिया गया। मनुष्य प्रकृति के बीच वैज्ञानिक और आध्यात्मिक आधार को समझते हुए जीवन-चर्या का विधान किया गया। पश्चिम में प्रकृति जड़ है उसमें देवत्व नहीं है पर भारत में अरण्य में ज्ञान की साधना होती थी इसलिए प्रकृति की रक्षा और उसके साथ लय में रहना श्रेयस्कर माना गया। यहां के चिंतन में प्रकृति में आध्यात्मिकता का विस्तार होता है। भारत एक समृद्ध जैव विविधता वाला देश है। पीपल, कदम्ब, वट, आमला, अर्जुन, बेल, नीम सबके साथ देवताओं को जोड़ कर उनको वन्दनीय बना दिया गया। विल्व पत्र, दूर्वादल और तुलसी दल धार्मिक कृत्यों में प्रयुक्त होते हैं। आयुर्वेद में अनेक वृक्ष हैं जिनके फूल, फल, पत्तियां, छाल, जड़ें सभी औषधि गुण से युक्त हैं । वन और वृक्ष जीवन के साथ घुले मिले रहे हैं। हमारी सांस्कृतिक स्मृति में और लोक जीवन में वृक्षों की अभी भी एक खास जगह बनी हुई है। बेल, सप्तपर्णी, पलाश, कचनार, सहजन, हरड़, बहेड़ा, आंवला और नीम जैसे पेड़ अपने औषधीय गुणों के कारण बड़े लोकप्रिय रहे हैं और लोग घर के पास या बाग बगीचे में इन्हें लगाते थे और जिसे जरूरत पड़ती थी वह इनका लाभ उठाता था। इसी तरह तुलसी , गिलोय, अपराजिता, विधारा, सतावर, पुनर्नवा, ब्राह्मी इत्यादि पौधों को भी घरों के आसपास लोग अपने संगी साथी के रूप में रखते थे। वृक्षायुर्वेद एक शास्त्र है. जीवन की रक्षा की दृष्टि से वन और वृक्ष की पारिस्थतिकी के संतुलन में विशेष भूमिका को अच्छी तरह समझा गया। वृक्ष की पूजा का विधान सब के लिए था। वट या न्यग्रोध वृक्ष को कल्पवृक्ष, पीपल पीपल अश्वत्थ कहा गया। काल क्रम में आधुनिकता, औद्योगिकीकरण, नगरीकरण के साथ दृष्टिकोण बदलने लगा। विज्ञान की छाया में देवत्व से मुक्त हो कर प्रकृति मनुष्य के लिए विजय के लिए लक्ष्य हो गई। पृथ्वी की सेवा-सुश्रूषा को भूल कर प्रकृति और उसके संसाधनों का घोर रूप से दोहन और भीषण दुरुपयोग होने लगा। आज सारा विश्व जलवायु में हो रहे बदलाव को ले कर चिंतित है। आज ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की मात्रा, पुनर्नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन, ऊर्जा की खपत, आदि सभी देशों के सामने चुनौती बन कर खड़े हैं। वायु जीवनी शक्ति है, यह जानते हुए भी प्रकृति में मनुष्य द्वारा हस्तक्षेप का एक बड़ा घातक परिणाम वायु प्रदूषण है जो कस्बों, शहरों और महानगरों में तेजी से बढ़ रहा है। हम लोग जिस वायुमंडल में रह रहे हैं उसकी हवा में स्वास्थ्य के लिए घातक कई विषाक्त गैसें, पार्टिकुलेट मैटर, धुआं और कुछ विशिष्ट रासायनिक तत्वों की मात्रा जब सहनशीलता की श्रेणी से ऊपर बढ़ जाती है तो वायु की गुणवत्ता बहुत खराब हो जाती है. दिन-प्रदिदिन इन प्रदूषक तत्वों की मात्रा में निरंतर इजाफा हो रहा है और इसके लिए जिम्मेदार कोई और नहीं बल्कि हम स्वयं हैं। बकौल विश्व स्वास्थ्य संगठन विश्व की 91 प्रतिशत जनसंख्या ऐसी जगहों पर रहती है जहां की वायु खतरनाक स्तर पर प्रदूषित है। प्रदूषित वायु में सांस लेने का मस्तिष्क पर प्रभाव, विशेषकर स्मरण करने की क्षमता, पर पाया गया है। पी एम 2.5 नामक प्रदूषण कण खास तौर पर इस तरह के प्रभाव के लिए उत्तरदायी पाया गया है। दिल्ली में यह 160 से ऊपर भी दर्ज है जब कि इसे 60 से नीचे होना चाहिए। पी एम 2.5 के कण सांस द्वारा फेफड़े में और फिर आगे चल कर खून में पहुचते हैं और हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि को बाधा रहे हैं। रासायनिक कण, कीटनाशक और वायु में व्याप्त अनेक किस्म के धातु कण और टेफ्लान के चलते शरीर में हारमोन-संतुलन बिगड़ रहा और शरीर की रोगप्रतिरोधी क्षमता में घाट रही है। राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन से कुछ सुधार हुआ है। शौचालय बने हैं और खुले में मल विसर्जन पर कुछ नियंत्रण हुआ है पर स्थिति गंभीर बनी हुई है। स्मार्ट सिटी की योजनाओं पर काफी काम बाकी है। जीवनस्रोत जल की स्थिति भी कम जटिल नहीं है। भूजल का विषाक्त होना, नदियों को कचरे से पाटना शुद्ध जल की उपलब्धि को तेजी से काम कर रहे हैं। बोतल बंद पानी बड़ा लाभप्रद व्यापार का रूप ले चुका चुका है। जल के स्रोत ग्लेशियर और नदियां हैं पर उनकी स्थिति बिगड़ रही है। ग्लेशियर पीछे खिसक रहे हैं, पहाड़ दरकने और भू-स्खलन की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। जल विद्युत परियोजनाओं के फलस्वरूप बांध, सुरंग और नदियों को मोड़ कर उनका स्वाभाविक रुख बदला जाता रहा है। अब जल और जैव विविधता के संकट घहरा रहे हैं। जोशी मठ की स्थिति नाजुक हो रही । हिन्द महासागर का तापमान बढ़ा है । गंगा का जल प्रदूषण अनेक जगहों पर खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। महत्वाकांक्षी ह्यनमामि गंगेह्व परियोजना भी कई हजार करोड़ की लागत से धूमधाम से शुरू हुई पर अपशिष्ट और मल को रोकने की दिशा में अपेक्षित प्रगति न होने से गंगा को बड़ी क्षति पहुंची है। पारिस्थितिकी की समस्या पर विचार करते हुए हमें सामाजिक आर्थिक इतिहास पर भी गौर करना होगा। समाज में होने वाला परिवर्तन इतिहास की शक्तियों के अधीन हुआ करता है। औपनिवेशिक काल में अंग्रेज ह्यआधुनिकह्व थे और भारतीय ह्य पिछड़ेह्व । एक यांत्रिक दुनिया की अवधारणा स्वीकार की गई और सृष्टि के विकास में बलशाली को जीने का अधिकार माना गया । फलतः भीषण नरसंहार भी हुए । इस सोच की परिणति समाज को एक उद्योग मानने में हुई और लोभ और भोग हावी होते गए। बाजार का रूपक सामाजिक सच्चाई बनता गया । स्वतंत्र भारत में अविकसित देश के लिए राज मार्ग के रूप में 'विकास ' के तर्क और विमर्श ने अधिकार जमाया। साथ ही नौकरशाही की नकेल भी कसती चलती गई। हरित क्रांति भी आई और खाद्यान्न उत्पादन बढ़ा, शिक्षा संस्थाओं का विस्तार हुआ और औद्योगिक विकास ने गति पकड़ी। स्वतंत्रता मिलने के बाद दो दशकों तक राज्य और समाज के अध्येताओं के बीच विकास को ले कर सहमति बनी थी। परम्परा को आधुनिकता के साथ अनुकूलित या अडाप्ट करना ही अकेला मार्ग मान लिया गया। आधुनिकीकरण और प्रगति को समाज के उज्ज्वल भविष्य के द्वार खोलने वाला स्वीकार करते हुए सतत तीव्र परिवर्तन को असंदिग्ध रूप से श्रेयस्कर ठहरा दिया गया। परन्तु सत्तर के दशक के बाद विकास के साथ उसके अंतर्विरोध भी प्रकट होने लगे। सांस्कृतिक तनाव भी दिखने लगा। कृषि के क्षेत्र में छोटे किसान समाज के हाशिये पर जाने लगे। उनकी उपेक्षा के चलते जातीय अस्मिता ने नया कलेवर धारण करना शुरू किया। गरीबी, स्वास्थ और शिक्षा को ले कर संरचनात्मक सवाल भी खड़े होने लगे। नब्बे के दशक में उदारीकरण ने अर्थ नीति में नया आयाम जोड़ा। सोवियत संघ के टूटने के साथ पूंजीवाद ही राजनीति का एकल आधार बनता गया। सूचना और संचार की प्रौद्योगिकी के अकूत विस्तार और विदेशी निवेश के साथ कई प्रकार के 'सुधार' भी आने लगे। औद्योगीकरण, नगरीकरण और वैश्वीकरण के आपसी रिश्ते भी जटिल होने लगे। वैश्वीकरण एक नए किस्म का उपनिवेशीकरण की तरह पांव पसारने लगा और विकास अपना वादा पूरा करता नहीं दिखता। वह गरीबी, विस्थापन, सामाजिक-आर्थिक भेद, कूड़ा-उत्पादन, और प्रदूषण आदि के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# अमृत सरोवर योजना से बदलेगी तस्वीर

पृथ्वी हमारा निवास स्थान है। मनुष्य सहित सभी प्राणी इसी धरती पर जन्म लेते हैं और इसी पर जीवनयापन करते हैं। पृथ्वी हमारे जीवन का आधार है। पृथ्वी से हमें वायु, जल और भोजन प्राप्त होता है। यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं है कि पृथ्वी ने मनुष्य व अन्य सभी प्राणियों को जीवन प्रदान किया है। किन्तु मनुष्य ने पृथ्वी को क्या दिया? इस प्रश्न का उत्तर यही है कि मनुष्य ने पृथ्वी को कुछ नहीं दिया, अपितु उसे दूषित किया है। वायु प्रदूषित होकर विषैली हो गई है और जल भी दूषित हो रहा है। स्थिति इतनी भयंकर है कि यमुना सहित अनेक नदियों का जल पीने योग्य नहीं है। केंद्रीय भूजल बोर्ड के एक अध्ययन के अनुसार 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 221 जिलों के कुछ स्थानों का जल आर्सेनिक युक्त पाया गया है। दूषित पेयजल के सेवन से उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे क्षेत्रों के लोग दूषित जलजनित रोगों की चपेट में आ जाते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भूजल संकट के कारण देश के लगभग 50 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को आज भी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। ऐसे में वे दूषित जल पीने को विवश हैं। देश में लोगों को पर्याप्त जल नहीं मिल पा रहा है। देश में प्रति व्यक्ति पानी की वार्षिक 1700 घन मीटर से कम उपलब्धता है। अंतरिक्ष से लिए गए आंकड़ों के आधार पर देश में पानी की उपलब्धता का पुनर्मूल्यांकन के अध्ययन के आधार पर आशंका व्यक्त की गई है कि वर्ष 2031 के लिए प्रति व्यक्ति पानी की औसत वार्षिक उपलब्धता घटकर 1367 घन मीटर रह जाएगी, जिससे जल संकट और गंभीर हो जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल वैश्विक जलस्रोत का मात्र 4 प्रतिशत ही उपलब्ध है, जबकि यहां विश्व की कुल वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत भाग निवास करता है। केंद्रीय जल आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 में देश में उपलब्ध कुल जल स्रोतों में से 78 प्रतिशत का उपयोग सिंचाई के लिए किया जा रहा था। जल संकट के कारण वर्ष 2050 तक यह दर घटकर लगभग 68 प्रतिशत रह जाएगी। यह शुभ संकेत नहीं है। उल्लेखनीय है कि देश के लगभग 198 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य क्षेत्र के लगभग आधे भाग की सिंचाई के साधन उपलब्ध हैं। इसमें से 63 प्रतिशत क्षेत्र में भूमिगत जल से सिंचाई की जाती है, जबकि 24 प्रतिशत क्षेत्र की सिंचाई के लिए नहरों के जल का उपयोग किया जाता है। इसमें 2 प्रतिशत क्षेत्र की सिंचाई तालाब एवं कुंओं के जल से की जाती है तथा 11 प्रतिशत क्षेत्र की सिंचाई के लिए अन्य स्रोत का उपयोग किया जाता है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय कृषक आज भी सिंचाई के लिए भूमिगत जल पर निर्भर करते हैं। इसलिए भूजल का अत्यधिक दोहन किया जाता है। इससे भूमिगत जलस्तर निरंतर गिरता जा रहा है। जल प्राणियों के जीवन का आधार है। जल के बिना कोई भी प्राणी जीवित नहीं रह सकता। सूखे एवं भूमि का जल स्तर नीचे गिरने के कारण अनेक क्षेत्रों में जल संकट व्याप्त हो गया है। इससे निपटने के लिए जल संरक्षण अति आवश्यक है। भीषण गर्मी के समय देश के प्रायः समस्त क्षेत्रों में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। तालाब भी शुष्क हो जाते हैं। कुंओं का जल बहुत नीचे उतर जाता है अथवा वे भी सूख जाते हैं। इसके कारण ग्रामीणों को उपयोग के लिए पर्याप्त जल प्राप्त नहीं होता है। इस समस्या के दृष्टिगत केंद्र सरकार ने अमृत सरोवर योजना प्रारम्भ की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 अप्रैल, 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में इसका शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 जलाशयों का विकास एवं कायाकल्प करना है। देशव्यापी इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक राज्य के प्रत्येक जिले में 75 से अधिक तालाबों का निर्माण करवाना है। अमृत सरोवर योजना से राज्यों को अनेक प्रकार के लाभ प्राप्त हो सकेंगे। तालाबों का निर्माण होने तथा पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार होने से क्षेत्रीय लोगों की जल की समस्या का समाधान हो सकेगा। इससे गर्मी के समय भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायता प्राप्त हो सकेगी। इन तालाबों के जल का उपयोग कृषि कार्यों के लिए किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त पशु पालन में भी इस जल का उपयोग हो पाएगा। लावारिस पशुओं एवं पक्षियों को भी पीने के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा। इसके अतिरिक्त तालाबों का निर्माण होने से उस स्थान पर सुंदरीकरण होगा। तालाबों के तट पर पीपल, बरगद, नीम, अशोक, सहजन, महुआ, जामुन एवं कटहल आदि के पौधे लगाए जाएंगे। इससे जहां पर्यावरण स्वच्छ होगा तथा हरियाली में वृद्धि होगी, वहीं इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र में अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो सकेगी। इन तालाबों का उपयोग मछली पालन, मखाने एवं सिंघाड़े की खेती में भी किया जा सकेगा। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 50 हजार से अधिक तालाबों का निर्माण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक तालाब एक एकड़ क्षेत्र में होगा, जिसमें 10 हजार घन मीटर पानी की धारण करने की क्षमता होगी। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि इसमें वर्ष भर जल भरा रहे। इस अमृत सरोवर योजना के माध्यम से ग्रामीण वासियों को मनरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध करवाया जा सकेगा। इससे बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध होगा। विगत दिनों प्रधानमंत्री मोदी अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत 11 माह में लगभग 40 हजार तालाबों को विकसित करने की उपलब्धि की सराहना कर चुके हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि 15 अगस्त 2023 तक 50 हजार अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।

## सोशल मीडिया से...

**सच के हक में...**



झारखंड बने हुए 20 वर्ष से अधिक हो गए मगर राज्य देश के पिछड़े राज्यों में ही आता है। यह जिम्मेदारी और चुनौती सबके समक्ष है कि कैसे हम इसका सामना करें। अगर अधिकारी एक-एक योजना को लेकर कार्य करें तो बदलाव जरूर हो सकता है। राज्य की बेहतरी के लिए आप व्यक्तिगत सलाह भी हमारे साथ शेयर कर सकते हैं।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



खबरों से पता चला है कि छत्तीसगढ़ से इम्पोरटेड शराब घोटाला नीति से चोट खाये मुख्यमंत्री जी ने अपनी पार्टी के माध्यम से हमसे बेहतर शराब नीति पर सलाह मांगी है। मुख्यमंत्री जी को आये इस आत्म ज्ञान( विलंब से ही सही) का हम स्वागत करते हैं। लेकिन उन्हें पहले यह बताना चाहिये कि शराब कारोबार में बेहतर नीति का सुझाव उन्हें और लूट का माल कमाने के लिये चाहिये या सरकारी राजस्व बढ़ाने के लिये? अगर लूटना ही है तो फिर उनके पास तो इसके लिये बेहतर सुझाव देने वाली पंकज, पूजा, प्रेम, अमित, बीरेन्द्र, दाहू, बच्चू, छवि, अफसर जैसे ह्वविशेषज्ञोंह्व की टीम तो है ही। यह अलग बात है कि इनमें से कई जेल पंहुच गये हैं और कई जेल जाने की लाईन में अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे हैं।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# अमृतकाल: अवसरों का जनतंत्र

आजादी के अमृत महोत्सव से अमृतकाल की यात्रा में देश आत्मविश्वास से भरा हुआ है। यह आत्मविश्वास 2014 के बाद हर भारतवासी में आया है जो कुछ समय पहले तक अवसाद और निराशा से घिरा था। भरोसा जगाने वाला यह समय हमें जगा कर कुछ कह गया और लोग राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को रेखांकित और पुनर्परिभाषित करने लगे। ह्लइस देश का कुछ नहीं हो सकताह्व से ह्लयह देश सब कुछ कर सकता हैह्व तक हम पहुंचे हैं। यह साधारण नहीं है कि कल तक राजनीतिक-प्रशासनिक जड़ता, निर्णयहीनता, नकारात्मक राजनीति और अवसाद से घिरा भारत अवसरों के जनतंत्र में बदलता दिख रहा है। यह आकांक्षावान भारत है। उम्मीदों से घिरा भारत है। अपने सपनों की ओर दौड़ लगाता भारत है। लक्ष्यनिष्ठ भारत है। कर्तव्यनिष्ठ भारत है। यह सिर्फ अधिकारों के लिए लड़ने वाला नहीं, बल्कि कर्तव्यबोध से भरा भारत है। ये वक्त हमारा हैः सही मायनों में यह भारत का समय है। भारत में बैठकर शायद कम महसूस हो किंतु दुनिया के ताकतवर देशों में जाकर भारत की शक्ति और उसके बारे में की जा रही बातें महसूस की जा सकती हैं। सांप-संपेरों के देश की कहानियां अब पुरानी बातें हैं। भारत पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत के रूप में विश्व मंच पर अपनी गाथा स्वयं कह रहा है। अर्थव्यवस्था, भू-राजनीति, कूटनीति, डिजिटलीकरण से लेकर मनोरंजन के मंच पर सफलता की कहानियां कह रहा है। सबसे ज्यादा आबादी के साथ हम सर्वाधिक संभावनाओं वाले देश भी बन गए हैं, जिसकी क्षमताओं का दोहन होना अभी शेष है। भारत के एक अरब लोग नौजवान यानी 35 साल से कम आयु के हैं। स्टार्टअप इको सिस्टम, जलवायु परिवर्तन के लिए किए जा प्रयासों, कोविड के विरुद्ध जुटाई गई व्यवस्थाएं, जी 20 के अध्यक्ष के नाते मिले अवसर, जीवंत लोकतंत्र, स्वतंत्र मीडिया हमें खास बनाते हैं। चुनौतियों से जूझने की क्षमता भारत दिखा चुका है। संकटों से पार पाने की संकल्प शक्ति वह व्यक्त कर चुका है। अब बात है उसके सर्वश्रेष्ठ होने की। अव्वल होने की। दुनिया को कुछ देने की। नए भारत के शिल्पकारः निश्चित यह सब कुछ इतना आसान नहीं था। नौकरशाही की जड़ता, राजनीति के सीमित पांच साला लक्ष्य, समाज में फैली गैरबराबरी और असमानता, क्षेत्रीयता, जातीयता की भावनाओं में बंटा समाज लक्ष्यों में बाधक था और आज भी कमोबेश ये संकट बने हुए हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय मंच पर आगमन के साथ सारा कुछ बदल गया है। आम आदमी सरकारी प्रयासों के साथ देश के व्यापक लोकतंत्रीकरण में सहायक बना है। भारत सड़क, रेलवे, बंदरगाह और हवाई अड्डे जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ साफ्ट पावर में भी अग्रणी बना है। स्थान-स्थान पर भारतीय प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें सम्मानित करने का क्रम भी जारी है। इससे भारत की आत्मा जाग रही है। आप पिछले कुछ सालों में पद्म सम्मानों की सूची का अवलोकन करें तो आपका मन गर्व से भर जाएगा और एक नए भारत को बनता हुआ देख पाएंगे। दिल्ली से निकल देश की संभावनाएं छोटे शहरों और गांवों तक ले जाने के व्यापक प्रयास सब तरफ दिखने लगे हैं। छोटे शहर अपनी संभावनाओं को तलाश रहे हैं। गांव संसाधनों का केंद्र बनने के लिए व्यग्र हैं। नीतिगत फैसलों में गति लाकर देश का चेहरा बदलने के ये प्रयास साधारण नहीं हैं। प्रधानमंत्री इस परिघटना को बहुत उम्मीद से देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं -ह्ल भारत ने आज जो कुछ हासिल किया है, वह हमारे लोकतंत्र की ताकत , हमारे संस्थानों की ताकत की वजह से संभव हो पाया है। दुनिया देख सकती है कि भारत में लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकार निर्णायक फैसले ले रही है।

## मुझे कुछ कहना है...



चांद दिख गया। आज हर्ष व उल्लास के साथ ईद का त्योहार मनाया जाएगा। ईद उल फित्र की चांद रात में राजधानी की सड़कें गुलजार रही। बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। मेन रोड, उर्दू लाइब्रेरी, चर्च रोड, लेक रोड, रतन टाकिज, डोरंडा सहित राजधानी के प्रमुख बाजार में रात के समय रौनक छायी रही। हर ओर खुशी और उल्लास। क्या बड़े और क्या बच्चे, सभी उत्साह से लबरेज। मुस्लिम समुदाय का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार ईद-उल-फित्र न्याय व निष्पक्षता, शांति व व्यवस्था, भाईचारा, करुणा, प्रेम और सहनशीलता का पर्व है। यह हमें संदेश देता है कि हम अकेले नहीं, बल्कि सामूहिक रूप से जश्न मना सकें। गरीबों को सहारा देकर, टूटे हुए दिलों को जोड़कर, रूठे हुए अपनों को मनाकर, बिना भेदभाव के रूहानी और जिस्मानी गंदगी को दूर कर जाति कौम आपसी रंजिश और मतभेद भुलाकर इस्लामी जमीयत का सबूत देती है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने आप को जांचे। पवित्र महीने में शरीयत और सुन्नत के पालन और नेक कामों से अल्लाह की इबादत से कितने हक अदा किए हैं? जिसके द्वारा हम अल्लाह से इनाम और श्रम मजदूरी प्राप्त करने के योग्य हैं या नहीं? यह मानव का स्वभाव है कि वह सुख के अवसर की लालसा करता है। इस इच्छा को पूरा करने के लिए, इस्लाम ने हमें दो त्योहार दिए हैं पहला ईद उल-फित्र है और दूसरा ईद अल-अजहा है। अल्लाह ने रमजान जैसा पवित्र और बरकतों से भरा महीना दिया। जिसमें सबों ने भरपूर इबादत की नमाज, तराबीह ( संपूर्ण कुरान मजीद को पढ़ने और सुनने का अवसर), जकात, सदका-ए- फित्र अदा किया। अल्लाह ने रहमतों, बरकतों और मगफिरत के दरवाजे खोल दिए। इसके लिए हर मुसलमान शुक्रिया अदा करता है और अपने सृष्टिकर्ता, पालनहार के प्रति समर्पण भावना को प्रकट करता है इस प्रकार ईद अल्लाह के सामने समर्पण का पर्व है। ईद केवल खुशी में लीन होने का नहीं बल्कि आत्मनिरीक्षण, समर्पण, शुक्रिया अदा करने और संकल्प का महापर्व है। कोशिश यह भी होनी चाहिए कि उल्लास और भाइचारगी बनी रहे।

**अमर महतो, प्रदेश महासचिव - नेशनल पीपुल्स पार्टी, रांची।**

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना - रातू, जिला - रांची, झारखंड, पिन - 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक - फहीम अख्तर* (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगी मुंबई इंडियंस

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में शनिवार को मुंबई इंडियंस की टीम अपने घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स को हराकर अंकतालिका में ऊपर आने का प्रयास करेगी। मुम्बई के लिए इस आईपीएल की शुरुआत अच्छी नहीं रही पर उसने बाद के मुकाबलों में जीत के साथ अच्छी वापसी की है। अब वह वानखेड़े स्टेडियम में जीत के प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगी।

मुंबई को पहले दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उसने दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया। अब वह अंक अंक तालिका में छठे स्थान पर है।

वहीं दूसरी तरफ पंजाब की टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। उसे नियमित कप्तान शिखर धवन के चोटिल होने से भी झटका लगा है। धवन ने ही इस सत्र में टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाये थे। वह चोटिल होने के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे और उनका इस मैच में खेलना भी संभव नहीं है। टीम के पास कोई अन्य बल्लेबाज ऐसा नहीं है जो उनकी जगह ले सके।

धवन ने शुरुआती मैचों में शानदार बल्लेबाजी की थी लेकिन इसके बाद कंधे की चोट के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा। पंजाब किंग्स के क्षेत्ररक्षण कोच ट्रैवर गोंजाल्विस ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ हार के बाद कहा है कि धवन को अभी फिट होने में समय लगेगा।

पंजाब ने अभी तक छह मैच खेले हैं जिनमें से उसे तीन मैचों में जीत मिली पर उसे पिछले चार में से तीन मैचों में हार मिली है। इन सभी मैचों में उसे धवन की कमी महसूस हुई। धवन इनमें होते तो परिणाम कुछ और होते।

धवन के नहीं होने से पंजाब ने सिकंदर रजा के अर्धशतक की सहायता से लखनऊ सुपरजाइंट्स को हराया था पर आरसीबी के खिलाफ 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी।

सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के 46 रन बनाकर फॉर्म में वापसी से टीम को राहत मिली है पर जीत के लिए लियाम लिविंगस्टोन, मैथ्यू शॉर्ट और कार्यवाहक कप्तान सैम करेन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।




पंजाब किंग्स के गेंदबाजों अर्शदीप सिंह, कैगिसो रबाडा और करेन को मुम्बई के बल्लेबाजों पर अंकुश भी लगाना होगा।

मुम्बई की ताकत कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। इसके अलावा टीम के पास कैमरन ग्रीन और टिम डेविड जैसे खिलाड़ी हैं पर मध्यक्रम के प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के फार्म में नहीं होने से टीम पर दबाव आयेगा।

गेंदबाजी में उसे इस मैच में भी जोफ्रा आर्चर के बिना ही उतरना होगा। टीम को युवा ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। अर्जुन ने अब तक के दोनो ही मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी की कमान जेसन बेहरेनडॉर्फ, रिले मेरेडिथ और स्पिनर पीयूष चावला जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के पास रहेगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, टिम डेविड, डेवाल्ड ब्रेविस, तिलक वर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, विष्णु विनोद, कैमरन ग्रीन, अर्जुन तेंदुलकर, रमनदीप सिंह, शम्स मुलानी, रिले मेरेडिथ नेहल वढेरा, ऋतिक शौकीन, अरशद खान, डुआन जानसेन, पीयूष चावला, कुमार कार्तिकेय, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, जेसन बेहरेनडॉर्फ, आकाश मधवाल।

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राहुल चाहर, सैम करेन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, गुरनूर बराड़, हरप्रीत बराड़, हरप्रीत सिंह, विद्वाथ कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबाडा , भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा, अथर्व तायडे।

# एशियाई खेलों में भाग नहीं लेगी भारतीय पुरुष और महिला टीम : बीसीसीआई

## –व्यस्तता को बताया कारण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें इस साल 23 सितंबर से हांग्जो में होने वाले एशियाई खेलों में भाग नहीं लेगी। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने व्यस्तता को देखते हुए टीम भेजने को लेकर कोई रुचि नहीं दिखायी है। एशियाई खेलें 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक खेले जाएंगे। वहीं भारतीय टीम को इसी साल एकदिवसीय विश्वकप खेलना है।

माना जा रहा है कि बीसीसीआई ने एशियाई खेलों के लिए पुरुष या महिला टीमों में नहीं भेजने का कारण पूर्व की प्रतिबद्धताओं को दिया है। एशियाई खेलों के लिए भारत के शेफ डी मिशन, भूपेंद्र बाजवा ने कहा, हमें एक को छोड़कर सभी खेलों में प्रविष्टियां मिली हैं, क्रिकेट टीम नहीं जा रही है। उन्होंने कहा कि वे व्यस्त हैं जबकि हमने उन्हें ईमेल भेजे थे। अब जब हमें आयोजकों को एंट्री भेजनी है तो उन्होंने कहा कि वे नहीं जाएंगे।

वहीं बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि उन्हें समय सीमा से एक दिन पहले ही भारतीय ओलंपिक संघ से एक ईमेल मिला था। उन्होंने कहा, हमें समय सीमा से ठीक एक दिन पहले आईओए से ई-मेल मिला था। बीसीसीआई के अनुसार महिला क्रिकेट के लिए भविष्य दौरान कार्यक्रम (एफटीपी) पहले ही तय था। साथ ही कहा कि एशियाई खेलों के दौरान हमारी टीम उपलब्ध नहीं होगी क्योंकि इस समय वे एक टूर्नामेंट में खेल रहे होंगे।

एफटीपी के अनुसार भारतीय टीम को सीमित ओवरों की सीरीज में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है। वहीं पुरुष टीम को देश में ही अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप में खेलना है। भारत 2010 और 2014 में क्रिकेट एशियाड के दो संस्करणों का हिस्सा रहा है पर उसने दोनों ही मुकाबलों में हिस्सा नहीं लिया था।

# पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में विराट ने बनाये तीन रिकार्ड

## –600 चौके लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने



**मोहाली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) की कप्तानी करते हुए विराट कोहली ने तीन अहम रिकार्ड बनाये हैं। इस मैच में कोहली ने 47 गेंदों में 59 रनों की पारी खेली, जिसमें 5 चौके और एक छक्का शामिल रहा। इसके साथ ही कोहली ने आईपीएल में अपने 600 चौके भी पूरे कर लिए हैं। अब उनके नाम 221 पारियों में 602 चौके हो गये हैं। कोहली अब आईपीएल में 600 चौके लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने हैं। चौके लगाने में पहले नंबर पर आगे पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन हैं। धवन के नाम 209 पारियों में 730 चौके हैं।

कोहली ने मैच में 30 रन बनाते ही एक अनौखा इतिहास भी रच दिया है। कोहली आईपीएल इतिहास में ऐसे पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने कुल 100 मैचों में 30 या इससे अधिक रन बनाये हैं। कोहली के अलावा किसी भी अन्य खिलाड़ी के नाम ये उपलब्धि नहीं है। आईपीएल इतिहास में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। कोहली ने इस मैच में डुप्लेसिस के साथ पहले विकेट के लिए 137 रन बनाए।

# घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस को हराने उतरेगी लखनऊ सुपरजायंट्स

**लखनऊ (एजेंसी)।** आईपीएल में शनिवार को लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस पर जीत के साथ ही अंक तालिका में अपना शीर्ष स्थान बनाये रखने उतरेगी। लखनऊ की टीम को इस मैच में घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा जिससे उसे जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। टीम के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। वहीं विरोधी टीम गुजरात टाइटंस का इस सत्र में अब तक का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसका लक्ष्य इस मैच में पहले मैच में हार से उबरकर लय हासिल करना रहेगा। गुजरात को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका मनोबल कमजोर हुआ है जबकि लखनऊ की टीम ने राजस्थान पर जीत दर्ज की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। दोनो ही टीम अपना दूसरा सत्र खेल रही हैं। गुजरात ने पिछली बार खिताब जीता था। वहीं लखनऊ का प्रदर्शन भी अच्छा रहा था।

इस सत्र में गुजरात की टीम अब तक के मैचों में लक्ष्य का बचाव करते समय कमजोर नजर आयी है। मोहम्मद शमी शुरुआती ओवरों में लगातार विकेट लेने में सफल रहे है पर अल्जारी जोसेफ और जोश लिटिल का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। कप्तान हार्दिक पंड्या भी गेंद और बल्ले से अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। उन्होंने अब तक चार मैचों में केवल एक विकेट लिया है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा का प्रदर्शन हालांकि अच्छा रहा है। स्पिनर के तौर पर राशिद खान का प्रदर्शन अच्छा रहा है। टीम के पास शुभमन गिल, डेविड मिलर और साई सुदर्शन जैसे अच्छे हैं। टीम के गेंदबाजों को सुपरजायंट्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए और बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। लखनऊ के पास काइल मेयर्स, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस जैसे बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर सकते हैं। लखनऊ की समस्या कप्तान राहुल और ऑलराउंडर दीपक हुड्डा का खराब प्रदर्शन है। इन दोनो ने ही अब तक इस सत्र में एक भी अच्छी पारी नहीं खेली है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जायंट्स:** केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पंड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।

**गुजरात टाइटंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, कोना भरत, रिद्धिमान साहा, राहुल तेवतिया, अभिनव मनोहर, मोहम्मद शमी, प्रदीप सांगवान, आर साई किशोर, विजय शंकर, साई सुदर्शन, राशिद खान, शिवम मावी, मैथ्यू वेड, ओडियन स्मिथ, उर्विल पटेल, दर्शन नालकांडे, डेविड मिलर , यश दयाल, जयंत यादव, नूर अहमद और अल्जारी जोसेफ।

# लामिछाने ने सबसे तेजी से 100 विकेट लेकर राशिद को पीछे छोड़ा



मस्कत । नेपाल के लेग स्पिनर संदीप लामिछाने ने एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेजी से 100 विकेट लेने का रिकार्ड अपने नाम किया है। लामिछाने ने इसके साथ ही अफगानिस्तान के ऑलराउंडर राशिद खान को पीछे छोड़ा है। लामिछाने ने ओमान के खिलाफ एसीसी मेन्स प्रीमियर कप मैच में अपने 42वें मैच में 100 विकेट का आंकड़ा हासिल किया। इस प्रकार वह अफगानिस्तान के ऑलराउंडर राशिद से आगे निकल गये हैं। लामिछाने ने 100 एकदिवसीय विकेट पूरे करने के लिए केवल 42 मैच खेले जबकि राशिद खान ने 2018 में एकदिवसीय में सबसे तेज 100 विकेट लेने के लिए 44 मैच खेले थे। वहीं मिचेल स्टार्क ने 52 मैच जबकि सकलैन मुश्ताक ने 53 मैच और शेन बॉन्ड ने 54 मैचों में अपने 100 विकेट पूरे किये थे।

# अर्जुन तेंदुलकर को बदलना होगा गेंदबाजी एक्शन : राशिद लतीफ

लाहौर । पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ ने कहा है कि सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को बेहतर गेंदबाज बनने के लिए अपने एक्शन में बदलाव लाना पड़ेगा। राशिद के अनुसार वर्तमान गेंदबाजी एक्शन के साथ अर्जुन ज्यादा तेज गेंदबाजी नहीं कर सकते। इस पाक क्रिकेटर ने कहा कि तेज गेंदबाजी के लिए उनकी शारीरिक संरचना सही नहीं है। अर्जुन ने मुंबई इंडियंस की ओर से इसी सत्र में शुरुआत की है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज की जहां कई पूर्व दिग्गजों ने तारीफ की है, वहीं दूसरी ओर राशिद का मानना है कि अगर अर्जुन तेंदुलकर एक अच्छे खेलाड़ी बनना चाहते हैं तो उन्हें अपनी तेज



गेंदबाजी का आधार बेहतर करना होगा। लतीफ ने कहा, वह (अर्जुन) अपने शुरुआती दौर में है। अभी उसे बहुत मेहनत करनी पड़ेगी, उसकी शारीरिक संरचना अच्छी नहीं है, जिससे वह ज्यादा गति नहीं निकाल पाएंगे। अगर कोई अच्छा बायोमैकेनिकल कंसल्टेंट उनका मार्गदर्शन करता है तो शायद वह अपनी गेंदबाजी में कुछ तेजी ला सकते हैं। यह काफी कठिन विषय है, कोचिंग करना और खिलाड़ी को बदलना। सचिन स्वयं ऐसा कर सकते थे पर उन्होंने इसके लिए घरेलू क्रिकेट पर भरोसा किया। राशिद के अनुसार गेंद फेंकने के दौरान अर्जुन का शरीर अंदर आने के बजाय बाहर जाता है और उनका संतुलन अच्छा नहीं है। यही कारण है कि वह ज्यादा तेजी से गेंद नहीं कर पाते। लतीफ ने कहा कि मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम में सचिन के रहने से भी अर्जुन प्रभावित होते हैं। अगर वह किसी और टीम से खेलते तो उनका प्रदर्शन और ज्यादा बेहतर होता। ड्रेसिंग रूम में सचिन के रहने से उनपर मनोवैज्ञानिक दबाब ही पड़ता है जिससे उनकी प्रगति में बाधा आ रही है।

# धवन को फिट होने में समय लगेगा, मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने की संभावना नहीं : गोंजाल्विस

**मोहाली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स के क्षेत्ररक्षण कोच ट्रैवर गोंजाल्विस ने कहा है कि टीम के नियमित कप्तान शिखर धवन को पूरी तरह से फिट होने में अभी करीब तीन दिन और लगेंगे। ऐसे में शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच में वह शायद ही खेलें। धवन को गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए मैच में चोट लग गयी थी। धवन के बाहर होने से उनकी टीम की बल्लेबाजी कमजोर हुई है। उन्होंने अब तक चार मैचों में 116.50 के औसत से सबसे ज्यादा 233 रन बनाए हैं। धवन की चोट को लेकर कोच ने कहा, ''धवन को फिट होने में करीब दो या तीन दिन और लगने चाहिए।''

वहीं रॉयल चैलेंजर्स के खिलाफ मिली हार को लेकर उन्होंने कहा, ''यह बल्लेबाजी के लिए एक अच्छा विकेट था। हमने उन्हें अच्छे स्कोर पर रोक दिया था पर हमने शुरुआत में ही कुछ विकेट खो दिए जिससे मैच हमारे हाथ से निकल गया।' इस मैच में पंजाब की टीम 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.2 ओवर में 150 रन ही बना पायी थी। वहीं आरसीबी के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने 21 रन देकर चार विकेट लेकर पंजाब की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। इसी को लेकर आरसीबी के गेंदबाजी कोच एडम ग्रिफिथ ने कहा, ''सिराज इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है।''



# भारत के डी गुकेश फीडे सर्किट लीडरबोर्ड में पहले स्थान पर पहुंचे



नई दिल्ली । पाँच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद के बाद से भारत को उस दूसरे खिलाड़ी का इंतजार है जो विश्व शतरंज चैंपियनशिप की दिशा में आगे बढ़े । खैर भारत को एक अच्छी खबर मिली है की फीडे कैंडिडैट में सीधे एक स्थान देने वाले फीडे सर्किट लीडरबोर्ड में अब एक भारतीय खिलाड़ी पहले स्थान पर पहुँच गया है । विश्व शतरंज चैंपियनशिप साइकल 2024 के अंतर्गत शामिल फीडे सर्किट लीडरबोर्ड में भारत के डी गुकेश पहले स्थान पर पहुँच गए है । भारत के 16 वर्षीय डी गुकेश नें पिछले दिनो मेनोरका ओपन का खिताब जीतने के बाद 10 बहुमूल्य अंक हासिल किए और यूएसए के दिग्गज खिलाड़ी वेसली सो को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है । फिलहाल गुकेश 30.90 अंक के साथ पहले तो वेसली 30.80 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है । इस सूची में नीदरलैंड के अनीश गिरि (29.3 अंक), यूएसए के लेवान अरोनियन ( 26 अंक) और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ( 22 अंक ) क्रमश : तीसरे से पांचवें स्थान पर चल रहे है ।

# पाकिस्तान के पास विश्व कप जीतने और तीनों प्रारूपों में नंबर एक टीम बनने की क्षमता: आर्थर

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के नए टीम निदेशक मिकी आर्थर का मानना है कि कप्तान बाबर आजम खेल के दिग्गज खिलाड़ी बनेंगे और उनकी टीम विश्व कप जीतने के साथ सभी प्रारूपों में शीर्ष रैंकिंग पर काबिज होने में सक्षम होगी।

आर्थर ने गुरुवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ एक साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद जब उनसे बतौर कोच (2016 से 2019 के बीच) बाबर का समर्थन करने के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने कहा, 'जिस चीज ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह है उसका हाथ, उसके हाथों की गति। जब ग्रांट ब्रैडबर्न ने पहली बार मुझसे कहा कि नेट्स में इस खिलाड़ी को देखो, तो मैं चकित रह गया। मैंने कभी भी उसके हाथ की गति और उसके जैसी प्रतिभा नहीं देखी।'



पाकिस्तान के इस पूर्व कोच ने कहा, 'मुझे पता था कि वह टीम का अहम हिस्सा बनने जा रहा है। मेरा मानना है कि वह अभी नंबर एक बल्लेबाज है और वह एक अद्भुत, कमाल की प्रतिभा है। मुझे अब भी लगता है कि उसके पास सुधार की गुंजाइश है। मैं उसे चुनौती देता रहूंगा। वह इस खेल का दिग्गज बनने जा रहा है।' पाकिस्तान टीम के साथ पूर्णकालिक मुख्य कोच बनने के प्रस्ताव को अस्वीकार करने वाले आर्थर ने कहा कि 'ऑनलाइन कोच जैसी कोई चीज नहीं है।'

उन्होंने कहा, 'सबसे पहले, ऑनलाइन कोच जैसी कोई चीज नहीं होती है। आप खिलाड़ियों के साथ संबंध बनाते हैं, आप जानते हैं कि खिलाड़ियों को वास्तव में क्या चाहिए और आप उन्हें देते हैं।' टीम के साथ एक बार फिर जुड़ने पर आर्थर ने कहा, 'यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। फिर से वापस आना और टीम के लिए करना अच्छा है। उम्मीद है कि हम विश्व कप जीतेंगे। यह हमें खेल के सभी प्रारूपों में दुनिया में नंबर एक पर पहुंचाएंगे क्योंकि हमारे पास निश्चित रूप से प्रतिभा है, निश्चित रूप से खिलाड़ी हैं।'

# इगा स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में, कोको गॉफ बाहर

स्टुटगार्ट। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी वाली इगा स्वियातेक ने पसली की चोट से उबरने के बाद शानदार वापसी करके झेंग किनवेन को 6-1, 6-4 से हराकर पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया, लेकिन कोको गॉफ आगे बढ़ने में नाकाम रही। स्वियातेक ने इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद कोई मैच नहीं खेला था। उन्हें यहां पहले दौर में बाई मिली थी। उनका अगला मुकाबला कारोलिना प्लिस्कोवा से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य की डोना वेकिच को 6-2, 6-7 (5), 7-6 (5) से हराया। इस बीच अनास्तासिया पोटापोवा ने छठी रैंकिंग की खिलाड़ी गॉफ को 6-2, 6-3 से उलटफेर का शिकार बनाया। पोटापोवा का सामना अब चौथी वरीयता प्राप्त कैरोलिन गार्सिया से होगा, जिन्होंने तात्जाना मारिया को 7-6 (5), 6-4 से पराजित किया। पाउला बडोसा ने अपने दूसरे दौर के मैच में हमवतन स्पेनिश खिलाड़ी क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना दूसरी रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। इलेना रायबाकिना के आधे में से हट जाने के कारण ब्राजील की बीट्रीज़ हद्दाद माइया ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ओंस जाबूर जी अंतिम आठ में पहुंचने में सफल रही।




# मैं खेलने के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने का प्रयास कर रहा हूं: जोफ्रा आर्चर



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चार मैचों में नहीं खेल पाने वाले तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने कहा कि वह मुंबई इंडियंस की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने का प्रयास कर रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर इंग्लैंड के इस 28 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा कि अभी वह अच्छा महसूस करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आर्चर मुंबई इंडियंस की तरफ से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ पहले मैच में खेले थे लेकिन इसके बाद दाहिनी कोहनी की चोट के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा।

मुंबई ने उन्हें आईपीएल 2022 से पहले नीलामी में खरीदा था लेकिन चोट के कारण वह वर्तमान सत्र से पहले तक इस फ्रेंचाइजी की तरफ से कोई मैच नहीं खेल पाए थे। आर्चर ने कहा,'' निश्चित तौर पर पिछले दो सप्ताह वैसे नहीं रहे जैसे आप पूरी तरह सक्रिय होने पर चाहते हैं। लेकिन जब आप लंबे समय तक बाहर रहते हैं तो फिर आप एकदम से शत प्रतिशत फिटनेस हासिल करने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं।''

उन्होंने कहा,'' कभी ऐसे पल भी आ रहे हैं जब आपको लग रहा है कि यह वास्तव में गंभीर है। मैं नहीं जानता कि मेरा अगला मैच कौन सा होगा लेकिन मैं (खेलने के लिए) खुद को सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने का प्रयास कर रहा हूं।'' आर्चर ने कहा,'' ईमानदारी से कहूं तो मैं अभी जितनी तेजी से हो सके गेंदबाजी करना चाहता हूं लेकिन जब आप अच्छा महसूस करते हैं तो अच्छी गेंदबाजी भी करते हैं। अभी मैं केवल अच्छा महसूस करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।

# ऑस्कर में 'नाटू-नाटू' पर डांस करना चाहते थे राम चरण



लॉस एंजेलिस में हुई 95वीं ऑस्कर सेरेमनी में गाने 'नाटू-नाटू' को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में ऑस्कर अवॉर्ड मिला। लेकिन, सेरेमनी के दौरान राम चरण और जूनियर एनटीआर ने इस गाने पर डांस परफॉर्म नहीं किया। उस समय ये क्लेम किया गया था कि दोनों ही एक्टर्स ऑस्कर सेरेमनी में डांस करने में कम्फर्टेबल नहीं हैं। लेकिन, हाल ही में राम चरण ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि वो ऑस्कर में परफॉर्म करने के लिए रेडी थे लेकिन उन्हें डांस करने नहीं दिया गया। राम चरण और जूनियर एनटीआर की जगह इस गाने पर अमेरिकन डांसर बिली मुस्तफा और कैनेडियन जेसन ग्लोवर ने परफॉर्म किया था। जब राम चरण से पूछा गया कि उन्होंने ऑस्कर सेरेमनी में 'नाटू-नाटू' गाने पर डांस क्यों नहीं किया तो उन्होंने कहा- मैं कॉल आने का वेट कर रहा था। मैं ऑस्कर में परफॉर्म करने के लिए रेडी था और ये सुनना चाहता था कि मुझे वहां डांस करना है। राम चरण ने बताया- मैं सच कह रहा हूं। मैं परफॉर्म करने के लिए 100% रेडी था। मैं कॉल आने का इंतजार भी कर रहा था लेकिन मुझे नहीं पता कि क्या हुआ? मुझे कभी कॉल आया ही नहीं। लेकिन, अब इसे बारे में बात करने का कोई मतलब नहीं है। उस दिन जो ग्रुप वहां मौजूद था, उन्होंने बढ़िया परफॉर्मेंस दी। उन्होंने हमसे भी बेहतर डांस किया। राम चरण ने इस बारे में कोई और जानकारी नहीं दी।

**'नाटू-नाटू' इंडिया का गाना है**

पिछले महीने मीडिया कॉन्क्लेव में राम चरण ने कहा था- मैंने पहले भी कई बार ये डांस किया है। तो अब शायद ये हमारे रिलैक्स करने का समय है। आराम से बैठकर किसी और को इंडिया के लिए परफॉर्म करते हुए देखने का समय है। अब ये सिर्फ हमारा गाना नहीं है ये इंडिया का गाना है। ये तो जनता का गाना है जो हमें ऑस्कर के कार्पेट तक लेकर गए हैं। ऑस्कर सेरेमनी के दौरान सिंगर राहुल सिप्लीगंज और काल भैरव ने लाइव परफॉर्मेंस के दौरान 'नाटू-नाटू' गाना गाया था। वहीं दीपिका पादुकोण ने परफॉर्मेंस को प्रेजेंट किया था। सेरेमनी में 'नाटू-नाटू' पर अमेरिकन डांसर बिली मुस्तफा और कैनेडियन डांसर जेसन ग्लोवर के परफॉर्म करने पर कंट्रोवर्सी भी हुई थी।

**अमेरिका में साउथ एशियन कम्युनिटी ने किया था प्रदर्शन**

सोशल मीडिया पर लोगों ने साउथ इंडियन डांसर की जगह विदेशी डांसर को देने को लेकर कहा था कि आपके मन से कॉलोनियल ख्याल अभी तक गए नहीं हैं।



## सलमान खान की तारीफ स्क्रिप्टेड नहीं होती - राघव जुयाल

पूजा हेगड़े के साथ एक्शन फिल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आएंगे। बॉलीवुड सुपरस्टार से तारीफ मिलने पर वह बहुत खुश हैं। हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, सलमान ने बताया कि उन्होंने पहली बार राघव को एक स्टेज शो में देखा था। राघव के परफॉर्मेंस से प्रभावित होकर उन्होंने उनके साथ काम करने का मन मना लिया। राघव के लिए, तारीफ विनम्र और भावनात्मक थी। राघव ने कहा, मुझे पता है कि जब सलमान भाई किसी की तारीफ करते हैं तो यह स्क्रिप्टेड नहीं होता है। यह सीधे उनके दिल से आता है और वह जो कहते हैं वो करते हैं। जब मैं स्टेज पर परफॉर्म करता था, तो मैं कई मशहूर हस्तियों से मिला, जिन्होंने मेरी स्टाइल की तारीफ की, लेकिन भाई उन कुछ लोगों में से एक हैं, जो मुझे याद करते हैं। वह खुले दिल के व्यक्ति हैं और जो लोग उनके साथ काम करते हैं या उनके साथ रहते हैं, वे ये बातें जानते हैं। किसी का भाई किसी की जान 21 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।

सितारे भी हैं। फिल्म में राघव सलमान के भाई के किरदार में हैं।



## गुपचुप शादी करके गोवा शिफ्ट हुईं एक्ट्रेस माही गिल

देव डी और साहेब बीवी और गैंगस्टर जैसी फिल्मों की स्टार रहीं माही गिल ने गुपचुप शादी कर ली है। यही नहीं, अब वह पति और बेटी के साथ गोवा में बस गई हैं। माही गिल बिना शादी के मां बनी थीं और तब उन्होंने कहा था कि वह सिंगल ही ठीक हैं। लेकिन अब माही ने रवि केसर से शादी कर ली है। एक्ट्रेस माही गिल ने 2019 में यह खुलासा करके होश उड़ा दिए थे कि उनकी पौने तीन साल की एक बेटी है। तब माही गिल ने बताया था कि वह बिन ब्याही मां बनी थीं। वह बॉयफ्रेंड के साथ लिव-इन में रह रही थीं। अब एक्ट्रेस ने एक बार फिर सबको चौंका दिया है। माही गिल ने गुपचुप शादी कर ली है। यही नहीं, शादी के बाद वह बेटी और पति के साथ गोवा शिफ्ट हो गई हैं। फैन्स हैरान हैं कि आखिर माही ने कब शादी की? उन्होंने शादी की तस्वीरें तक शेयर नहीं कीं। माही गिल ने एक्टर और बिजनेसमैन से शादी की है। लेकिन शादी कब की, यह फिलहाल पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, माही गिल से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बस इतना ही कहा कि वह शादीशुदा हैं और उनकी रवि केसर से शादी हुई है। माही गिल ने इस बारे में कुछ भी नहीं बताया कि शादी कब और कहां की थी। मालूम हो कि माही गिल ने रवि केसर के साथ 2019 में आई सीरीज फिक्सर में काम किया था। दोनों करीब एक दशक से एक-दूसरे के साथ थे। अब रवि से शादी के बाद माही गिल गोवा शिफ्ट हो चुकी हैं। उनकी बेटी वरोनिका भी छह साल की हो गई है। माही गिल सोशल मीडिया पर तो एक्टिव रहती हैं, लेकिन बेटी की तस्वीरें शेयर नहीं करती थीं। इस बारे में जब माही से एक बार पूछा गया था, तो उन्होंने कहा था कि वह बहुत ही प्राइवेट इंसान हैं। बहुत ही झिझकती हैं और इसलिए तस्वीरें शेयर नहीं करतीं। वहीं जब शादी को लेकर पूछा गया था तो माही गिल ने कहा था कि शादी करने की जरूरत क्या है? वह सिंगल ही खुश हैं और एक इंसान बिना शादी के भी खुश रह सकता है। लेकिन अब माही गिल ने सीक्रेट तरीके से शादी करके चौंका दिया है।

**रिंपी कौर गिल है असली नाम**

माही गिल का असली नाम रिंपी कौर गिल है, लेकिन फिल्मों में आने से पहले उन्होंने नाम बदल लिया। माही गिल ने पंजाबी बेस्ड बॉलीवुड फिल्म से एक्टिंग डेब्यू किया था। उनकी पहली हिंदी फिल्म खोया खोया चांद थी। माही गिल ने फिर देव डी, गुलाल, साहेब बीवी और गैंगस्टर, पान सिंह तोमर और साहेब बीवी और गैंगस्टर रिटर्न्स जैसी फिल्में कीं।

**एक्टिंग से दूर हैं माही गिल**

माही गिल 2021 से एक्टिंग से दूर हैं। उनकी आखिरी फिल्म 2021 में आई थी। यह एक पंजाबी फिल्म थी। इसके अलावा माही गिल उसी साल, वेब सीरीज यॉर ऑनर में नजर आई थीं।

## द कपिल शर्मा शो में नहीं होगी कृष्णा की वापसी



कपिल शर्मा का कॉमेडी शो सालों से दर्शकों का मनोरंजन करता रहा है। इस शो में कपिल शर्मा के साथ कई कॉमेडियन नजर आते हैं। द कपिल शर्मा शो के हर सीजन को कपिल शर्मा होस्ट करते हैं। वहीं इस शो को कई कॉमेडियन अलविदा कह चुके हैं। कृष्णा अभिषेक भी इस शो से अलग हो चुके हैं। हाल ही में खबर आई थी कि कृष्णा अभिषेक एक बार फिर द कपिल शर्मा शो में वापसी करने जा रहे हैं। लेकिन अब कृष्णा ने साफ कर दिया है कि वह इस शो में वापसी नहीं कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि पैसे और कॉन्ट्रैक्ट्स की शर्तों की वजह से कृष्णा शो में वापसी नहीं कर रहे हैं। बातचीत के दौरान कृष्णा अभिषेक ने कहा, मुझे 'द कपिल शर्मा शो' के मेकर्स की कॉल आई थी। वे चाहते हैं कि मैं वापस आ जाऊं। हालांकि, फिर से बात पैसे और कॉन्ट्रैक्ट पर नहीं बनी। बात पैसे पर ही आकर अटकी है फिर से। इस सीजन में तो यह मुमकिन नहीं है, लेकिन हो सकता है कि अगले सीजन में मैं आऊं। बता दें कि द कपिल शर्मा शो का यह सीजन जून में खत्म होने वाला है। इसके बाद कपिल शर्मा एक लाइव टूर के लिए यूएसए जाने ववाले हैं। इस शो में कृष्णा अभिषेक कई तरह के किरदार निभाते थे।



## बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर हुई शाकुंतलम

तेलुगू सिनेमा के बड़े सितारों में शामिल अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की हालिया प्रदर्शित फिल्म शाकुंतलम बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हो गई है। शुक्रवार से सोमवार तक चार दिनों यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ का कारोबार नहीं कर पाई है। 14 अप्रैल को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाई करने के लिए संघर्ष कर रही है। चार दिनों के अंत में, फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ रुपये भी नहीं छू पाई थी। यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है क्योंकि फिल्म लगभग 65 करोड़ रुपये के भारी भरकम बजट पर बनी है। इस दर पर, ऐसा लगता है कि शाकुंतलम एक आपदा की ओर बढ़ रहा है। सामंथा की शाकुंतलम एक पौराणिक कहानी है, जिसका निर्देशन गुनशेखर ने किया है। फिल्म को कई भाषाओं में अखिल भारतीय रिलीज किया गया था। हालांकि, इसे प्रशंसकों से ठंडी प्रतिक्रिया मिली। सोमवार, 17 अप्रैल को, शाकुंतलम ने संग्रह में भारी गिरावट देखी। समाचारों के मुताबिक, फिल्म ने 60 लाख रुपये की कमाई की है। यह बेहद कम है और फिल्म को नुकसान होने की संभावना है। 4 दिन का कुल संग्रह अब भारत में 6.25 करोड़ रुपये का है। तेलुगु संस्करण ने सोमवार, 17 अप्रैल को 9.63 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी दर्ज की। गुनशेखर द्वारा लिखित और निर्देशित, शकुनतालम एक पौराणिक नाटक है। जबकि सामंथा ने टाइटिलर की भूमिका निभाई है, देव मोहन ने पुरु वंश के राजा दुष्यंत की भूमिका निभाई है। यह फिल्म कालिदास के नाटक अभिज्ञान शाकुंतलम पर आधारित है। सचिन खेडेकर, मोहन बाबू, अदिति बालन, अनन्या नगल्ला, प्रकाश राज, गौतमी, मधु और जिशु सेनगुप्ता सहायक कलाकारों का हिस्सा हैं।

## निधन के 3 साल बाद पर्दे पर फिर दिखेंगे इरफान खान

**रिलीज होगी आखिरी फिल्म द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन**




बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर इरफान खान भले ही अब दुनिया में नहीं हैं, लेकिन फैंस के दिलों में वह आज भी जिंदा है। इरफान खान ने अपनी दमदार अदाकारी से इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई थी। 29 अप्रैल 2020 को एक्टर का निधन हो गया था। वही अब इरफान के निधन के करीब 3 साल बाद उनकी आखिरी फिल्म रिलीज होने जा रही है। इस बात की जानकारी इरफान खान के बेटे बाबिल ने दी है। इरफान खान की आखिरी फिल्म द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन 28 अप्रैल को रिलीज होने जा रही है। बाबिल खान ने इस फिल्म का पोस्टर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा, प्यार, धोखा और एक गाना। द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन। फिल्म सिनेमाघरों में 28 अप्रैल को रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्माता जीशान अहमद हैं। फिल्म में इरफान का किरदार एक ऊंट व्यापारी का है, जिसे नूरान से प्यार हो जाता है। वह एक आदिवासी महिला है जो स्वतंत्र है और अपनी दादी से बिच्छू-गायन की प्राचीन उपचार कला सीख रही है। बता दें कि स्विट्जरलैंड के लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल में द सॉन्ग ऑफ द स्कॉर्पियन्स का प्रीमियर हो चुका है। यह फिल्म 2017 में स्वीस-फ्रेंच-सिंगापुरियन और राजस्थानी भाषा में बनी थी।

## अब जॉन अब्राहम सिर्फ एक्शन फिल्म करेंगे!

शाहरुख खान, जॉन अब्राहम और दीपिका पादुकोण की फिल्म पठान में जॉन ने विलेन का रोल अदा किया था और उन्हें एक्शन अवतार में काफी पसंद भी किया गया। इस सफलता से जॉन बेहद उत्साहित हैं। खबर है कि जॉन ने फैसला लिया है कि अब वे सिर्फ एक्शन फिल्म पर ही फोकस करेंगे। ये बात भी उतनी सही है कि जॉन से कॉमेडी या रोमांस नहीं होता। वे इस तरह के रोल में उतने सहज नजर नहीं आते, जबकि एक्शन में हाथ-पैर ज्यादा चलाने रहते हैं। जॉन ने साजिद खान की फिल्म 100 प्रतिशत साइन की थी और बताया जा रहा है कि इस कॉमेडी फिल्म से जॉन अलग हो गए हैं। गौरतलब है कि जॉन और साजिद अच्छे दोस्त हैं। इसके अलावा एक-दो और फिल्में जॉन ने छोड़ दी हैं जिसमें उन्हें एक्शन नहीं बल्कि कॉमेडी या रोमांस करना था। जॉन का फैसला कितना सही है, ये आने वाले दिनों में पता चलेगा।





## एनटीआर 30 से जुड़े सैफ अली खान

दो सप्ताह पूर्व आरआरआर से उत्तर भारत में लोकप्रिय हुए सितारे जूनियर एनटीआर ने बताया था कि उन्होंने अपनी अगली फिल्म एनटीआर30 की शूटिंग शुरू कर दी है। अब इस फिल्म को लेकर कहा जा रहा है कि इस फिल्म में हिन्दी सिनेमा के ख्यातनाम चौथे खान सैफ अली खान ने भी फिल्म के क्रू को ज्वाइन कर लिया है। इस फिल्म के जरिये बोनी कपूर की बेटी जाह्नवी कपूर भी साउथ फिल्म उद्योग से जुड़ गई हैं। जाह्नवी कपूर इस फिल्म में नायिका के तौर पर दिखाई देंगी। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर फिल्म एनटीआर 30 को लेकर अपडेट दिया है। ट्वीट के मुताबिक, जूनियर एनटीआर की फिल्म की कास्ट में सैफ अली खान शामिल हो गए हैं और 18 अप्रैल यानी मंगलवार से फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। तरण आदर्श ने दो तस्वीरें भी शेयर की हैं जिसमें सैफ अली खान के साथ जूनियर एनटीआर और फिल्म डायरेक्टर कोरताला शिवा भी नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही बताया है कि फिल्म फिल्म एनटीआर 30 5 अप्रैल, 2024 को रिलीज होने वाली है। सैफ अली खान पिछली बार फिल्म विक्रम वेधा में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखाया है। अब वह जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म एनटीआर 30 के अलावा निर्देशक ओम राउत की फिल्म की आदिपुरुष रावण की भूमिका में नजर आएंगे। वैसे इस फिल्म को लेकर काफी हंगामा हो रहा है। यह फिल्म 16 जून, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वहीं, जूनियर एनटीआर फिल्म एनटीआर 30 के अलावा एनटीआर 31 में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन प्रशांत नील करने जा रहे हैं, जो इन दिनों प्रभास के साथ सालार को पूरा करने में लगे हुए हैं। कोरताला शिवा के निर्देशन में बनने वाली फिल्म एनटीआर 30 से जाह्नवी कपूर साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली हैं।